CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 28 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 164 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे पेज 2



पाकिस्तान के टी-20 विश्वकप में खेलने पर अंतिम फैसला 2 फरवरी तक खेल टाइम्स



सनातन, संत, सत्ता और संग्राम सम्पादकीय




न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें खेल टाइम्स

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट विकास परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अहमदाबाद के हंसोल गांव के एक निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर चिंता जताई गई थी। न्यायालय ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि जो पेड़ काटे गए वे मुख्य रूप से जंगली झाड़ियां और स्वत: उगने वाले पेड़ थे, जिन्हें दोबारा उगने में अधिक प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विकास और पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा।

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें वैज्ञानिक : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की।

### मनरेगा को बर्बाद कर सरकार का मकसद मज़दूरों को ग़ुलाम बनाना है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को सोच समझकर खत्म किया है और इस योजना को बर्बाद करने का उनका मकसद मजदूरों को गुलाम बनाना है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद गरीब श्रमिकों को बर्बाद करना है। इस तरह की पहल कर सरकार मज़दूरों को ग़ुलाम बनाने की कोशिश कर रही है।

### बजट की तैयारियों का अंतिम चरण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक 'हलवा' समारोह मंगलवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक के बजट प्रेस में आयोजित किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतिम चरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पारंपरिक 'हलवा समारोह' का मतलब है कि बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

# यूजीसी के नए नियम के खिलाफ याचिका दायर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट में दी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना विनियम, 2026' के नियम 3 (सी) को चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में अधिसूचित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026' के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस प्रावधान के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा गैर-समावेशी है। नियम 3(सी) 'जाति-आधारित भेदभाव' को केवल 'अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के विरुद्ध जाति या जनजाति के आधार पर होने वाले भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने आरोप लगाया है कि यह प्रावधान संस्थागत सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को विशेष रूप से केवल एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करता है। इस प्रकार, यह अन्य जाति समूहों के उन व्यक्तियों को बाहर कर देता है, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि यह नियम अपने वर्तमान स्वरूप में गैर-एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों को शिकायत निवारण और संस्थागत सुरक्षा उपायों तक पहुंच से वंचित करता है।

## यूपी गैंगस्टर एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में टकराव पर उप्र सरकार तलब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16 (3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है।

### पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग आठ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

# दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार बनेगा

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा
- उथल-पुथल मचाने वाली कुछ प्रमुख देशों की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है।

### लेएन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ मंगलवार को हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे: ईयू प्रमुख

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों का कड़ा विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।

रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा। लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूजीसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीटड्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मानिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।




- यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड्स लगाए गए
- उप्र में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं

## किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है।

### सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नियम प्रक्रियाओं के तहत काम करती है और वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। श्री रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र में हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित होना चाहिए यह नियम कहता है। बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उसके बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

# हवाएं चलीं, ओले भी गिरे, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राजस्थान में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। साथ ही 30-60 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

हिमाचल के मंडी में केओली पंचायत में 3-4 फीट तक जमी बर्फ के बीच दूल्हा-दुल्हन 7 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे। पहले दूल्हा पैदल चलकर ससुराल पहुंचा था। शादी के बाद उसी रास्ते से दुल्हन को साथ लेकर लौटा। इधर, उत्तर प्रदेश में आगरा समेत 7 जिलों में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बागपत में बारिश के अलावा ओले भी गिरे। 10 से ज्यादा शहरों में 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है। मध्य प्रदेश के 5 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। 28 जिलों में बारिश का अलर्ट है। वहीं राजस्थान के कई जिलों में ओले गिरे। जयपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। बिजली गिरने से सीकर में महिला और कोटा में एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं उत्तर भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह से दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिसके रुक-रुक कर दिन भर होने के आसार हैं। इससे राजधानी में सर्दी और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का एहसास अधिक रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 26 से 28 जनवरी के बीच एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे व्यापक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। सत्ताइस जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी, वर्षा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इन क्षेत्रों में 27 जनवरी को कहीं-कहीं भारी वर्षा या हिमपात भी हो सकता है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 27 जनवरी को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे, कुछ समय के लिए 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं, में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी-तूफान आने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 जनवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 30 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एक और बारिश का दौर आ सकता है।

# नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शामली से किया संबद्ध, जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सरकार ने अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया है। उन्हें जिलाधिकारी शामली कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है, जबकि जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए हैं।

उत्तर-प्रदेश शासन नियुक्ति अनुभाग 7 से जारी आदेश में कहा गया है कि अलंकार अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था। अपने तीखे और भावनात्मक वक्तव्य में उन्होंने न केवल तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए, बल्कि ब्राह्मण समाज कथित अपमान, प्रयागराज माघ मेला घटना और यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं पद छोड़ रहे हैं, तो यह उनके (ब्राह्मण) समाज के जनप्रतिनिधियों के लिए भी आत्ममंथन का समय है।

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तश्वरानंद के समर्थन में साधु संतों ने शुरू की धूनी साधना

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अनशन के समर्थन में मंगलवार को साधु संतों ने एक अनूठी साधना शुरू कर दी है। महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा की अगुवाई में बड़ी संख्या में संतों ने शिविर के सामने धूनी साधना शुरू कर दिया है। वैष्णव संत वसंत पंचमी से गंगा दशहरा तक अपने चारों तरफ आग जलाकर कठिन तपस्या करते हैं, इसे ही धूनी तापना कहते हैं और इससे संत शरीर की ताप सहने की क्षमता बढ़ाते हैं, धूनी तापकर संतों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का समर्थन किया। पिछले दस दिनों से त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर के बाहर पालकी पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद मेला प्रशासन से ससम्मान गंगा स्नान कराने की मांग कर रहे है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी के साथ स्नान करने संगम नोज जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्रशासन ने रोका था। प्रशासन ने संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का हवाला देते हुए पैदल जाने का अनुरोध किया था।

### कफ सिरप मामले में शुभम का करीबी विकास नर्वे गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के सबसे करीबी सहयोगी विकास सिंह नर्वे को वाराणसी पुलिस और स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने सिद्धार्थनगर जिले में नेपाल बॉर्डर के निकट से गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि नर्वे को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह नेपाल भागने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद विकास सिंह को वाराणसी लाया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव टलने पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग

**लखनऊ, वार्ता**

ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत चुनावों की तिथि आगे बढ़ाई जाती है, तो राजस्थान सरकार की तर्ज पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यदि राज्य सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराती है, तो संगठन इसका स्वागत करेगा। लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों में चुनाव टलने की स्थिति में ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के माध्यम से अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। यदि प्रशासकीय व्यवस्था में रिक्तता आती है, तो ग्रामीण विकास प्रभावित हो सकता है। ऐसे में मौजूदा ग्राम प्रधानों को अस्थाई प्रशासक बनाए जाने से गांवों में चल रहे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और जनता को आवश्यक सेवाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संगठन ने यह भी अनुरोध किया है कि इस संबंध में की गई कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए।

# गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, दो विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे। इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिए पास का इंतजाम किया। राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे, तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नॉर्थ ईस्ट से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं नरेन्द्र मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में भाजपा के लोगों को गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। मैं इसकी निदा करता हूं। भाजपा सिर्फ फिजूल का मुद्दा बना रही है।

### विपक्षी का सरकार पर विधायी एजेंडा देने में विफल रहने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद का बजट सत्र शुरु होने से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार पर विधाई एजेंडा देने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य ह्विप के. सुरेश ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं ने सरकार पर विधेयकों की रूपरेखा में विधाई एजेंडे नहीं देने के आरोप लगाए, जिसमें सरकार की तरफ से बैठक में शामिल मंत्रियों ने कहा है कि एजेंडा बाद में प्रसारित किया जाएगा। सुरेश ने कहा कि सरकार किसी विधेयक को लाने से पहलने विधेयक की प्रतियां भी समय पर उपलब्ध नहीं कराती है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के कल से शुरू हो रहे सत्र से पहले दोनों सदनों में कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बजट दो चरणों में होगा, जिसके पहले चरण में एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मानदेय और यात्रा सुविधा न देने पर अदालत खफा

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई बीसीआई को फटकार

**नई दिल्ली।**



■ राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध न कराने पर सवाल उठाए

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाते हुए राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को समुचित मानदेय और यात्रा भत्ता उपलब्ध न कराए जाने पर सवाल उठाए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह मुद्दा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि के मौखिक उल्लेख के बाद उठाया। गिरि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति के सदस्य हैं। गिरि ने पीठ को बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समितियों के सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय उनकी गरिमा और पद के अनुरूप होना चाहिए, क्योंकि इनमें कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब यह विषय बीसीआई के समक्ष रखा गया, तो परिषद ने जवाब दिया कि ऐसा भुगतान 'बहुत अधिक' होगा और व्यवहारिक नहीं है। गिरि ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि या तो इस संबंध में उचित निर्देश दिए जाएं, या फिर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में बीसीआई द्वारा न्यायमूर्ति धूलिया को भेजे गए जवाब को भी पीठ के समक्ष रखा। इसके अलावा गिरि ने यह भी बताया कि बीसीआई ने राजस्थान बार काउंसिल चुनावों के लिए एक अलग समिति गठित कर दी है, यह कहते हुए कि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट के 18 नवम्बर 2024 के आदेश में राजस्थान का उल्लेख नहीं था। उन्होंने दलील दी कि यह कदम अदालत के निर्देशों की भावना और मंशा दोनों के विपरीत है और बताया कि उक्त समिति पहले ही चुनावों की अधिसूचना जारी कर चुकी है। पीठ ने बीसीआई के इस रुख पर सवाल उठाते हुए उसके वकील से पूछा कि राजस्थान को आदेश से बाहर क्यों रखा गया और अदालत को सूचित किए बिना अलग समिति क्यों बनाई गई। सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वह अगले दिन तक इस पर स्पष्टीकरण दे। पीठ ने समिति के सदस्यों को यात्रा भत्ता न दिए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आपने चुनाव शुल्क यह कहकर तय किया कि उससे चुनाव कराने के लिए पर्याप्त धन जुटेगा। अब आप सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से कह रहे हैं कि आप उन्हें मानदेय या यात्रा भत्ता नहीं दे सकते। वे क्या करें? क्या उनके पास अपना विमान है? गिरि ने आगे बताया कि समिति के सदस्यों को यात्रा की बुकिंग अपने खर्च पर करनी पड़ रही है और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों और विशेष रूप से पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के अनुरूप नहीं हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए कहा कि यह विषय न्यायिक निर्णय के दायरे में नहीं आता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मंदिर में कथित 'वीआईपी' को गर्भगृह में जलाभिषेक की अनुमति और आम श्रद्धालुओं पर पाबंदी को लेकर उच्च न्यायालय में उठाया था। सुप्रीम कोर्ट की अनिच्छा के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

# संविधान को अपने से नीचे समझना ठीक नहीं: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा संविधान को अपने से नीचे समझने की भूल कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जनता आज यह सवाल कर रही है कि जब अपने ऊपर दर्ज मुकदमे हटवाए गए, तब संविधान के किस अनुच्छेद के तहत यह कार्य किया गया।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोग लगातार मंचों से 'सनातनी संतों' का तिरस्कार कर रहे हैं और अपमानजनक उपमाओं का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन में भी नकारात्मक 'बुलडोजरी सोच' के समर्थन में नारे लगवाकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जबकि उपद्रव करने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ताकामी भाजपा का धर्म-विरोधी चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। जो नुकसान होना था, वह हो चुका है और अब मजबूरी में मांगी गई माफी का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि माफी वही मायने रखती है, जो दिल से मांगी जाए। अखिलेश यादव ने शासनाधीशों को आगाह करते हुए कहा कि हठ हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का विचार, वक्तव्य और व्यवहार लगातार असंवैधानिक रहा है। सत्ता के नशे में चूर संविधान-विरोधी भाजपा अब जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।



**सेंसेक्स** 81857.48
**निफ्टी** 25175.40



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो



# बड़े उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरते हुए प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) की घोषणा के बाद बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। दोनों पक्षों के बीच एफटीए पर वार्ता का समापन हो गया है।



इसमें 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं को यूरोपीय संघ के देशों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने की बात कही गई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39 प्रतिशत) चढ़कर 81,857.48 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में इसमें करीब 996 अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 81,088.59 अंक और ऊपर 82,084.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,175.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में रही तेजी से भी शेयर बाजार को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 27 पैसे की बढ़त में 91.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। धातु, बैंकिंग, आईटी और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर भी चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में दो से तीन प्रतिशत तक की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। ट्रेंट, इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर तीन फीसदी से अधिक टूटा। कमजोरी तिमाही परिणाम से एशियन पेंट्स में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही। इटरनल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। टाइटन और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट रही।

# निजीकरण के विरोध में बिजली इंजीनियरों ने दी देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

**लखनऊ।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण और विद्युत संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा है।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 पेश किया गया, तो देशभर में तात्कालिक 'लाइटनिंग एक्शन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन बिल और राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए घातक हैं। फेडरेशन ने मल्टी-लाइसेंसिंग, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग, पीपीपी मॉडल और ठेकेदारीकरण का विरोध करते हुए इसे बिजली व्यवस्था को अस्थिर करने वाला बताया। एआईपीईएफ ने सरकार से बिल वापस लेने, निजीकरण पर पूर्ण विराम लगाने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि यदि सरकार ने संवाद नहीं किया तो बिजली आपूर्ति में किसी भी व्यवधान की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# एयरबस के भारतीय हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन 'आने वाले सप्ताहों में'

**नई दिल्ली, वार्ता**

विमान एवं हेलीकॉप्टर बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनी एयरबस के कर्नाटक में बन रहे एच125 हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन फरवरी-मार्च में संभव है। फ्रांस की कंपनी एयरबस ने सोमवार को साल 2025 के प्रदर्शन की मुख्य बातें साझा करते हुए यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि अपनी विस्तार योजना के तहत वह कर्नाटक के वेमागल में एच125 हेलीकॉप्टर के लिए फाइनल असेम्बली लाइन लगा रही है। इसके लिए साल 2025 में काम शुरू हुआ था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है, आने वाले सप्ताहों में उद्घाटन इसका उद्घाटन किया जाना है। यह एच125 हेलीकॉप्टर के लिए दुनिया में एयरबस का चौथा संयंत्र होगा, जो भारतीय बाजार के प्रति एयरबस की प्रतिबद्धता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दिखाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कंपनी के एक प्रवक्ता ने दो. हराया कि उद्घाटन के बारे में 'आने वाले सप्ताहों में' और जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से पहले हेलीकॉप्टर की डिलिवरी साल 2027 में होने की उम्मीद है। एयरबस ने बताया है कि साल 2025 में उसे 544 हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर मिले जो नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों से मांग में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। पचास देशों से 205 ग्राहकों से ये ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने साल के दौरान 392 हेलीकॉप्टरों की डिलिवरी की। साथ ही ड्रोनों के ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। एयरबस हेलीकॉप्टर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूनो ईवेन ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा पर कंपनी का फोकस अपने उच्चतम स्तर पर है। साथ ही ड्रोन की बढ़ रही मांग को पूरा करने में कंपनी अग्रणी है।

# अलंकार अग्निहोत्री के निलंबन से उप्र में प्रशासनिक हलचल तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा अब उत्तर प्रदेश सरकार के साथ टकराव का रूप ले चुका है।

गणतंत्र दिवस के दिन कथित तौर पर 'ब्राह्मण अस्मिता' और यूजीसी नियमों के विरोध में इस्तीफा देने वाले अग्निहोत्री को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है, जिससे प्रदेश की नौकरशाही में हलचल तेज हो गई है। निलंबन की सूचना के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार देर रात अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। सूत्रों के अनुसार उनका सामान ट्रक के माध्यम से लखनऊ भेज दिया गया है। निलंबित अधिकारी को शामली जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है और निलंबन अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन शामली में उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए बरेली मंडलायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में अग्निहोत्री की सोशल मीडिया गतिविधियों, राजनीतिक टिप्पणियों और सेवा आचरण नियमों के कथित उल्लंघन की समीक्षा की जा रही है। विशेष रूप से इस बात की जांच की जा रही है कि किसी सेवारत अधिकारी द्वारा किसी राजनीतिक दल विशेषकर भाजपा के बहिष्कार की अपील करना, क्या गंभीर कदाचार या देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

सूत्रों के मुताबिक यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो अलंकार अग्निहोत्री को सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि विवादित मामलों में सरकार अक्सर औपचारिक जांच पूरी होने तक अधिकारी का इस्तीफा स्वीकार नहीं करती, जिससे संबंधित अधिकारी न तो सक्रिय सेवा में रहता है और न ही पूरी तरह सेवा मुक्त हो पाता है। इस बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दिए गए कथित 'बड़े प्रस्ताव' और कई ब्राह्मण संगठनों के समर्थन ने अटकलों को और हवा दे दी है कि अलंकार अग्निहोत्री भविष्य में सामाजिक या धार्मिक भूमिका में उभर सकते हैं। उनके 'त्याग' के नैरेटिव को समाज के एक वर्ग का समर्थन मिलता दिख रहा है। निलंबन और सरकारी आवास खाली किए जाने के बावजूद अग्निहोत्री अपने रुख पर अडिग बताए जा रहे हैं। उनसे जुड़े लोगों के अनुसार उनका कहना है कि चूंकि उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया है, इसलिए निलंबन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कथित तौर पर कहा है कि वे अपने 'मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत' की रक्षा के लिए हर परिणाम भुगतने को तैयार हैं।

# आर्थिक विकास के सरकार के आंकड़े जमीनी हकीकत के विपरीत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार आर्थिक विकास को लेकर जो आंकड़े पेश करती रही है वह जमीनी हकीकत के विपरीत है और खुद उसके आर्थिक सलाहकार का कहना है कि सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का आंकड़ा ढाई प्रतिशत ज्यादा बताया गया है।

पार्टी ने कहा है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ रहा है, जिन गरीब, युवा, महिलाओं और किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ी जातियां बताया था और विकास प्रक्रिया में उन्हें प्राथमिकताएं देने का दावा किया था लेकिन उनकी बेहतरी की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन राजीव गौड़ा तथा रिसर्च और मॉनिटरिंग विभाग के प्रमुख अमिताभ दुबे ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार जीडीपी के जो आंकड़े देश के सामने पेश कर रही है, वह जमीनी सच्चाई से बहुत दूर है। सरकार की गत जुलाई से सितम्बर में जीडीपी की विकास दर 8.3



प्रतितश थी और महंगाई दर 0.5 प्रतिशत बताई, लेकिन सवाल है कि देश में ऐसा कौन सा परिवार होगा, जिसका बजट सालाना 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अगर ए आंकड़े सही हैं, तो इसका मतलब है कि सरकार ने मंहगाई को खत्म कर दिया है। वास्तविक स्थिति बताती है कि आंकड़ों के हिसाब से जमीनी हकीकत एकदम भिन्न है। उन्होंने कहा कि विकास दर बढ़ने की बात हो रही है, लेकिन रूपया एशिया की सबसे खराब करेंसी बन चुका है। इसका कारण ये है कि एफडीआई और पोर्टफोलियो फ्लो दोनों बाहर जा रहे हैं। नेट फ्लो नेगेटिव हो गया है। हर साल करीब पांच हजार करोड़पति देश छोड़ रहे हैं और वो अपना पैसा भी लगातार बाहर खींच रहे है। सवाल है- अगर हमारी अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी है, तो ऐसा क्यों हो रहा है, मगर आजतक इन सवालों का जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा थी, लेकिन इसके नियमों में जो बदलाव किए गए हैं और अब लोगों को पहले की तरह इसका लाभ नहीं मिलेगा। मनरेगा में पहले केंद्र 90 प्रतिशत पैसा देता था, लेकिन अब 60 प्रतिशत देगा। इसी तरह पहले मनरेगा हर ग्रामीण इलाके में उपलब्ध था, वो अब नहीं होगा और मनरेगा पहले डिमांड के हिसाब से चलता था, अब बजट के हिसाब से चलेगा। बड़ा बदलाव यह है कि पहले इसकी प्लानिंग ग्राम सभा करती थी, लेकिन अब अफसरशाही के मुताबिक इसकी योजना बनाई जाएगी। एक तरफ देश में असमानता बढ़ रही है, पूंजीपतियों का धन बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गरीबों को राहत देने के लिए जो कुछ योजनाएं चल रही थीं, उन्हें भी सरकार खत्म करने पर तुली है। युवाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए नौकरियां कहां हैं।

### पीएमकेवीवाई की विफलता उजागर हुई

अप्रैल-सितम्बर 2025 में युवा श्रम बल की भागीदारी 42.0 प्रतिशत से गिरकर 41.3 प्रतिशत रह गई और युवा रोजगार 35.8 प्रतिशत से घटकर 35.2 प्रतिशत हो गई है। उक्त अवधि तक युवा बेरोजगारी 15 प्रतिशत तक बढ़ गई थी और शहरी इलाकों में यह 18.4 फीसदी हो गई थी।

इंटर्नशिप को उन्होंने कांग्रेस से मिला आईडिया बताया, लेकिन कहा कि गत नवम्बर के अंत तक पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत केवल 2,066 इंटर्नशिप पूरी हुईं, जिनमें से केवल 95 को नौकरी के प्रस्ताव मिले। इसी तरह से भारत कौशल रिपोर्ट में केवल 54.81 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य हैं। कौशल विकास के लिए कैग की रिपोर्ट पीएमकेवीवाई की कार्यप्रणाली को एक शानदार विफलता के रूप में उजागर करती है।

# धामपुर में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों में हुआ ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा का संदेश दिया गया। सुबह से ही नगर भर में देशभक्ति का माहौल बना रहा।

धामपुर तहसील कार्यालय परिसर में उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं थाना कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय एवं कोतवाली प्रभारी मुदुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया तथा पुलिसकर्मियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की व्यवस्थापक रेनू गोयल एवं प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया और देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसी क्रम में प्रियंका मॉडर्न स्कूल, राधा इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज धामपुर, आर.एस.एम. महाविद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, एजूकोल द गर्ल्स स्कूल, दुर्गा पब्लिक स्कूल, विश्व भारती स्कूल सहित नगर के अनेक शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया।

धामपुर नगर पालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संविधान की शपथ दिलाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। इसके बाद नगीना चौक पर 101 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित हुए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा नगर में भव्य ट्रैक्टर तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में किसानों ने अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर सहभागिता की और देशभक्ति का संदेश दिया।

उधर विकासखंड अल्हैपुर में भी 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद एवं एडीओ पंचायत अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात ब्लॉक परिसर में स्थित शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्राम पंचायत सचिव, ब्लॉक कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वहीं धामपुर शुगर मिल के प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों, कर्मचारियों एवं मिल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। समापन पर सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

इसी क्रम में धामपुर नगर की अग्रणी संस्था युवा मित्रगण सामाजिक सेवा समिति की ओर से 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर के पोस्ट ऑफिस तिराहे पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात देशभक्ति के गगनभेदी नारों से वातावरण राष्ट्रप्रेम से सराबोर हो गया।

## एक नजर

### मीट प्लांट खुलने की उम्मीद जगी

**स्योहारा।** क्षेत्र के ग्राम याकूबपुर निकट सहसपुर में स्थित उमर इंटरनेशनल मीट प्लांट को लेकर लंबे समय से चला आ रहा ठहराव अब समाप्ति की ओर है। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद वर्षों से बंद पड़ी फैक्ट्री को पुनः संचालित करने की अनुमति मिलते ही क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बन गया है। फैक्ट्री खुलने की खबर से जहां औद्योगिक गतिविधियों के दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी है। वहीं गरीब, मजलूम और बेसहारा परिवारों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि वर्ष 2013 में मीट कारोबारी अतीक अहमद ने उमर इंटरनेशनल मीट प्लांट की स्थापना की थी। फैक्ट्री के संचालन से आसपास के सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला। इसके साथ ही दोनों भाइयों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए गरीब लाभार्थियों की भरपूर मदद की। जरूरतमंद परिवारों को राशन, इलाज, बच्चों की शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं में लगातार सहयोग मिलता रहा। हालांकि वर्ष 2018 में प्रशासनिक कार्रवाई के तहत फैक्ट्री को सील कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां ठप हो गईं। फैक्ट्री बंद होने का सबसे ज्यादा असर गरीब तबके पर पड़ा। रोजगार खत्म होने के साथ-साथ सामाजिक सहायता का एक मजबूत माध्यम भी बंद हो गया, जिससे अनेक परिवार संकट में आ गए। इसके बाद फैक्ट्री संचालक द्वारा न्यायालय की शरण ली गई। लंबी कानूनी प्रक्रिया और सभी पक्षों की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने फैक्ट्री की सील खोलने का आदेश दिया।

### खड़े ट्रक में लगी भीषण आग




**स्योहारा।** नगर के व्यस्ततम मिल चौराहे पर उस समय हड़कंप मच गया। जब एक खड़े ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया और लोग इधर उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया और सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए चौराहे पर यातायात को नियंत्रित किया। आग की वजह से कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई हालांकि ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है।

### मिलेनियम में गणतंत्र दिवस की धूम




**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य,कविताएं,नाटक और हर घर तिरंगा आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बालेश कुमार, केशव सिंह, ऋतु, नौशाद, अंजलि ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और देश की एकता के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, गजेय सिंह, अर्चना चौधरी, सचिन कुमार, विपिन कुमार, अमन कुमार वर्मा, अर्शी अबरार, ऋतु, नीलम रानी, उपासना, अमृत राज, शारिक, स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा, नेहा, रोहिताश सिंह, शिवानी, रिया चौधरी, सतीश कुमार, विकास शर्मा, अनिता रावत, मनुपाल, रिंकू वर्मा, अंशिता, सदफ, सेवालिया, अमृत राज, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### के.एस. चिल्ड्रंस में ध्वजारोहण




**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कनिका अग्रवाल, स्कूल मैनेजर कपिल अग्रवाल व प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात विधिवत रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति से परिपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9 की छात्रा अफीफा द्वारा प्रभावशाली अंग्रेजी भाषण तथा कक्षा 9 की छात्रा हडिया द्वारा ओजस्वी हिंदी भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती कनिका अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। स्कूल मैनेजर कपिल अग्रवाल ने कहा कि छात्रों ने कम समय में इतना अच्छा कार्यक्रम प्रस्तुत किया उसके लिए सभी सभी छात्र, अध्यापकगण व प्रधानाचार्य बधाई के पात्र है। कार्यक्रम का सफल संचालन एंकर मानसी अग्रवाल एवं कशिश वर्मा द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की देखरेख कार्यक्रम गतिविधि प्रभारी मानसी अग्रवाल द्वारा कुशलतापूर्वक की गई।

# क्रिसेंट में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास, अनुशासन एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुस्लिम फंड के सरपरस्त जनाब वजाहतुल्लाह खान तथा मुस्लिम फंड के सचिव एवं विद्यालय के मैनेजर जनाब हसीनुद्दीन साहब द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर की गई। राष्ट्रगान के साथ पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल छा गया। इसके पश्चात कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर वाइस मैनेजर मरगूब अहमद, जनाब शारिक चौधरी तथा मुस्लिम फंड, चांदपुर के मैनेजर कौसर अली की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता पाठ, भाषण एवं लघु नाटिका की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालय के मैनेजर हसीनुद्दीन ने मुस्लिम फंड द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे

### जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान

प्रयासों तथा विद्यालय की शैक्षिक प्रगति पर प्रकाश डाला। इसके बाद अकादमिक हेड शहजाद खान ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है।

प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने और देश का जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। पूरा कार्यक्रम अकादमिक हेड शहजाद खान के कुशल दिशा-निर्देशों एवं प्रभावी मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनकी योजना, समय-प्रबंधन और निरंतर मार्गदर्शन के कारण समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सहयोग सेगणतंत्र दिवस समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

### ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा। नगर** में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक संस्थाओं में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर अवध शुगर मिल में प्रबंधक सुखवीर सिंह की उपस्थिति में ध्वजारोहण हुआ। एमक्यू इंटर कॉलेज में प्रबंधक मौलाना वकील अहमद एवं प्रधानाचार्य मंसूर इश्तर सिद्दीकी, आरएसपी इंटर कॉलेज में प्रबंधक संयोगिता सिंह व प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा, एमक्यू बालिका इंटर कॉलेज में मैनेजर जकीउर्रहमान, इमदादी मकतब नंबर दो में प्रबंधक अनवर जमाल मेराजुलहक, मदरसा रहमानिया जफर में डॉ दानिश कमाल व रहमान जफर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने वर्मा नर्सिंग होम परिसर में ध्वजारोहण कर



देश सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देता है। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के नेतृत्व में व्यापार मंडल कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उनके पुत्र अमित कुमार वर्मा, मनोज भटनागर सहित व्यापारियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। लक्ष्य कॉलेज में संस्थापक एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, डायरेक्टर अमित चौहान व प्रबंधक अनुराग चौहान की मौजूदगी में ध्वजारोहण हुआ।

डिग्री कॉलेज में चौधरी फहीमुर्रहमान, पालिका परिसर में पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी व ईओ विजेंद्र सिंह पाल, प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी, सभासद पति जब्बार अंसारी, मौहम्मद शान, हाशमी नर्सिंग होम पर डॉ. एन.डी हाशमी व डॉ. जानिब हाशमी, कुरैशी फाउंडेशन कार्यालय पर अध्यक्ष जुबेर कुरैशी द्वारा तिरंगा फहराया गया। वहीं कांग्रेस के नगर अध्यक्ष एहसान जमील, अरशद जमील, बब्बू चौधरी ने अपने निवास पर झंडा रोहण किया। रामलीला ग्राउंड में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजवीर सिंह, राजपाल प्रजापति, नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और फरहा परवीन ने झंडा रोहण किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ. बीआर स्नेही व समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना परिसर सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ध्वजारोहण किया और आमजन को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रेस क्लब स्योहारा के कार्यक्रम में अध्यक्ष रियाजुलहक प्रिंस, महामंत्री चमन भारद्वाज, धर्मेन्द्र भुईयार, नादिर त्यागी, आकाश तोमर, अश्वनी विश्नोई, इकबाल अंसारी, अरशद चौधरी, गय्यूर चौधरी, फजल अंसारी, राशिद पीटर, कपिल शर्मा, अंकुल प्रजापति सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। वहीं नगर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि स्योहारा का हर नागरिक राष्ट्रप्रेम और संविधान के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है।

# श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय में ध्वजारोहण

### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** देश के 77वें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय में ध्वजारोहण विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कॉलेज प्रबंधक व प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री ने ध्वजारोहण किया। कॉलेज में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन से पूर्व सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री तथा समाजसेवी एडवोकेट रमेश चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्प अर्पण किये।

कॉलेज प्रबंधक ठाकुर अशोक कुमार शास्त्री ने कहा कि छात्र भारतीय क्रांतिकारी वीरों से सीख लें। उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा प्रद रहा है। कालेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को स्वतंत्रता हनन करने का अधिकार नहीं है। सत्य और अहिंसा ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। इस मौके पर कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दलीप कुमार, डॉ. शिवाली राजपूत, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, डॉ. ओमपाल त्यागी, सचिन कुमार, नीशु देवल, सुषैन बाबू शर्मा, ललित शर्मा, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, मंसाराम, रुक्मिणी देवी, छाया राजप.ूत, शनि चौहान, रुचि, गौरव, डॉ. वरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

उधर एमएम इंटर कॉलेज मे गणतंत्र दिवसपर्व मनाया गया। इस पुनीत अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक मुमताज अहमद ने गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से बताया साथ ही कहा कि हमारे देश को ऐसे योद्धाओं और नौजवान वीरों ने अपना बलिदान देकर आजाद कराया है, जिन्हें हम सेल्यूट करते हैं। हमारा यह देश हमारे उन वीर जवानों का देश है। इससे पहले प्रबंधक मुमताज अहमद/ उपप्र. बंक इफ्तेखार कुरैशी और प्रिंसिपल हाजी मौहम्मद ताहिर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिसमें शिक्षक गणों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# इलैक्ट्रिक स्कूटी आग लगने से जलकर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में खड़ी एक इलैक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। इलेक्ट्रिक स्कूटी जलकर राख हो गई। एक अन्य स्कूटी भी चपेट में आ गई। आग लगने के दौरान अफरा तफरी मची रही।आनन फानन में आसपास खड़े वाहनों को भी हटाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के गांव विलासपुर निवासी आकाश नहटौर ब्लॉक में अपनी मां का एसआईआर फार्म से संबंधित काम से आया था। वह अपनी इलैक्ट्रिक स्कूटी को ब्लॉक परिसर में कैंटीन के पास खड़ी करके कार्यालय में चला गया। अचानक उसकी स्कूटी में आग लग गई। आग लपटे देखकर लोग इधर-उधर हो गए। देखते ही देखते इलेक्ट्रिक स्कूटी आग का गोला बन गई। चंद मिनट में स्कूटी जलकर राख हो गई। एक अन्य स्कूटी भी चपेट में आ गई।

# शेरकोट में हर्षोल्लास से निकाली युवा तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गणतंत्र दिवस पर स्कूलों, सरकारी कार्यालयों मे बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं स्कूलों मे छोटे-छोटे बच्चों ने अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्कूल/कालेजों व सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कालेज में प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार, मदरसा रहमानिया में मौलाना उबेदुर रहमान, मुस्लिम फंड कार्यालय मं प्रबंधक रफीक अहमद, मुस्लिम फंड कन्या इन्टर कालेज में अध्यक्ष हासिम अहमद, नजरुल इस्लाम, पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम, नगर



पालिका कार्यालय पर चेयर पर्सन शबनम नाज व अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने संयुक्त रुप से, थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सिंह, ऑल सेन्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल मौहम्मद शादाब, एसएम गुडविल एकेडेमी इंग्लिश मीडियम स्कूल मे अंकुर जैन, अनामिका जैन ने संयुक्त रुप से ध्वजा रोहण किया। नगर के आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने देश की आजादी पर चर्चा करते हुए देश पर जान न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन किया।

इस मौके पर कैलाश चन्द्र, शकील अहमद, अरशद हुसैन, मौहम्मद आलम अंसारी, मौ




रिजवान, मौहम्मद शहजाद, रईस अहमद, नफीस अहमद, विजयपाल सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, इकबाल अहमद प्राइमरी इंचार्ज, मौहम्मद उस्मान, नईम अहमद, अबरार अहमद सहित शिक्षक व कर्मचारियों आदि मौजूद रहे।

उधर ऑल सेन्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल मे स्कूल स्थापक हाजी कमाल एवं मौहम्मद शादाब ने संयुक्त रुप से झण्डा फहराया। वही मुस्लिम कन्या इण्टर कॉलेज सहित आदि शिक्षण संस्थानों मे पहुंचे मौलाना उबैदुर रहमान ने कहा कि देश को आजाद कराने में हजारों लोगों ने कुर्बानी दी है, जिनकी बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है तथा बाबा भीमराव अम्बेडकर ने संविधान देकर अपना कानून बनाया था, जिस को हम नही भूला सकते है। थाने में थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह ने झण्डा फहराने के साथ-साथ पुलिस स्टाफ को देश के संविधान की शपथ दिलाई। एसएम गुडविल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रबंधक अंकुर जैन ने गणतंत्र दिवस के पर्व पर प्रकाश डाला। वहीं जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद अमान, काजी शमीम आदि ने संयुक्त रुप से झण्डा फहराया।

उधर गणतंत्र दिवस पर डा. शहनावाज, व्यापारी नेता अंसार अहमद, मौहम्मद आसिफ, मनोज कुमार, अंकुर जैन के नेतृत्व में नगर के युवाओं के साथ हजारों युवाओं के साथ पैदल शांति पूर्वक युवा तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमें नगर देश भक्ति के नारों से गूंजा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आवेदक रजविन्दर कौर (उपनाम), जिनकी जन्म तिथि 21-04-1971 है, पुत्री स्वर्गीय सूरत सिंह ग्राम तुरतपुर, पोस्ट कादरबाद, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश पिन कोड 246722 की निवासी हैं। लेकिन पिता के सेना के दस्तावेजों में उनका नाम राजिंदर कौर दर्ज है। हालांकि दोनों नाम रजविन्दर कौर और राजिंदर कौर एक ही व्यक्ति के हैं। वर्तमान और भविष्य में दोनों नामों से एक ही व्यक्ति को जानना और पुकारना आवश्यक है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मुस्तुफा अपनी शादी के बाद से मेरे कहने-सुनने में नहीं रहा है। इसकी हरकतों को देखते हुए मैंने मुस्तुफा व उसकी पत्नी अर्शी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मैंने व मेरे पुत्रों ने मुस्तुफा व उसकी पत्नी अर्शी से सारे ताल्लुक वास्ते समाप्त कर लिए है। बेदखली के संबंध में एक परिवाद सं. 49/2026 नूरजहां बनाम मुस्तुफा आदि न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) नजीबाबाद के न्यायालय में दायर कर रखा है। अपने द्वारा किए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमती नूरजहां पत्नी अब्दुल हमीद ( मरहूम ) निवासी ग्राम बोरेकी, पोस्ट जलालाबाद, थाना व तहसील नजीबाबाद।**

# हादसे में दो दोस्तों की मौत







## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो जिगरी दोस्तों की असमय मौत हो गई। इस हादसे ने न सिर्फ उनके परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया, बल्कि पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी कैफ पुत्र नफीस और मोहल्ला कोटरा निवासी फहीम पुत्र शमीम आपस में बेहद करीबी दोस्त थे। दोनों युवक परिजनों को बिना जानकारी दिए एक दोस्त की कार लेकर नगीना की ओर निकले थे। रास्ते में मंझेड़ा पुलिस चौकी के समीप उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार करते हुए बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां का मंजर देख हर कोई स्तब्ध रह गया। बताया गया कि फहीम अपने परिवार में छह भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था, जबकि कैफ दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। दोनों ही अपने-अपने परिवारों के लाड़ले थे। अचानक हुई इस घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं और उन्हें अब भी इस सच्चाई पर यकीन नहीं हो पा रहा है।

हादसे को लेकर एक सवाल लगातार परिजनों को कचोट रहा है कि दोनों युवक नगीना की ओर किस उद्देश्य से जा रहे थे। इसका कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन यही कहते नजर आए कि काश जाते वक्त कुछ बता दिया होता, तो शायद हालात कुछ और होते। इस हृदयविदारक घटना के बाद से दोनों मौहल्लों में शोक का माहौल है। हर जुबान पर एक ही अफसोस है कि एक छोटी-सी जानकारी शायद इस दर्दनाक अंत को टाल सकती थी।

## बिजनौर पब्लिक प्ले स्कूल में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पब्लिक प्ले स्कूल में भव्य व उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नन्हे-नन्हे बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।


कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से भारत की एकता, अखंडता और गौरवशाली इतिहास को दर्शाया। बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और अतिथियों को भावुक कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ईरम नूर ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में देशप्रेम, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है।

### एक नजर

## ग्रेट इंडियन एकेडमी में ध्वजारोहण



**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा, एकेडमिक डीन आयुष अग्रवाल, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद पल्लवी के हिंदी भाषण ने संविधान, स्वतंत्रता और नागरिक कर्तव्यों पर प्रभावी प्रकाश डाला। नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया।

## ई-रिक्शा यूनियन ने निकाली तिरंगा रैली



**झालू।** राष्ट्रीय ई-रिक्शा मजदूर यूनियन (रजिस्टर्ड) की ओर से नगर में परंपरागत रूप से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और देशभक्ति के नारों के साथ नगर का भ्रमण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय पर संरक्षक सुरेश वर्मा, अध्यक्ष नदीम अहमद आजाद एवं महामंत्री शोएब अख्तर द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। तिरंगा रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकाली गई। रैली के दौरान भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। रैली अपने कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष ने संगठन के पंजीकरण पूर्ण होने पर सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की और एकजुट रहकर मजदूर हितों में कार्य करने का आह्वान किया।

## नुमाइश का ठेका 2.69 करोड़ में छूटा

**बिजनौर।** नगर पालिका के द्वारा हर वर्ष लगाई जाने वाली नुमाइश का ठेका इस बार रिकार्ड 2,69,11,000 रुपए में स्थानीय ठेकेदार अमित कुमार बंटू के नाम छूटा है। यह सबसे ज्यादा रिकार्ड बोली है। इस मौके पर चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, चेयरपर्सन पति व भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। पांच ठेकेदारों के द्वारा नीलामी प्रक्रिया में भाग लिया गया।

## राकेश कुमार ने धर्मवीर को हराया

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय के सभागार कक्ष में संपन्न हुए भूमि विकास बैंक के शाखा प्रतिनिधि चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। चुनाव में गांव पुट्टा निवासी राकेश कुमार ने गांव त्रिलोकपुर निवासी धर्मवीर सिंह को 14 मतों से पराजित कर विजय प्राप्त की। भूमि विकास बैंक शाखा प्रतिनिधि पद के लिए दोनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दावेदारी प्रस्तुत की थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल 2703 शाखा सदस्यों में से 1241 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के बाद शाम चार बजे मतगणना प्रारंभ की गई। चुनाव अधिकारी राहुल गौतम ने बताया कि मतगणना के उपरांत राकेश कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी धर्मवीर सिंह को 14 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राकेश कुमार की जीत की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं।

# मॉडर्न एरा में आशीर्वाद समारोह

## बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी को किया मंत्रमुग्ध




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एवं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्स इंडियन नेवी के कैप्टन अनिल गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, ठाकुर गजेंद्र सिंह, श्रीमति सोनल गुप्ता, श्रीमती प्रभा ठाकुर, श्रीमती अनीता चौधरी एवं विद्यालय डायरेक्टर/प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथिगणों द्वारा एकाग्रता के साथ तिरंगा फहराकर एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर पूरा विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंग गया। नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।

विद्यालय डायरेक्टर/प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की सीख दी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कहा कि कभी हार न मानने की भावना से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं एकाग्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम अपने जीवन में अनुशासन को अपनाएं और उस पर अमल करें, तो निश्चित रूप से अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

मुख्य अतिथि कैप्टन अनिल गुप्ता (एक्स इंडियन नेवी) ने अपने वास्तविक जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त अध्यापकगणों का पूर्ण सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# स्वाहेड़ी में चतुर्वेद महापरायण यज्ञ

## राकेश टिकैत भी हुए शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम स्वाहेड़ी में चल रहे चतुर्वेद महा परायण यज्ञ में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिद्धू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

प्राप्त समाचार के अनुसार अतिथियों ने वैदिक विधि-विधान के अनुसार यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ प्राप्त किया। उनकी उपस्थिति से यज्ञ का वातावरण आध्यात्मिक, अनुशासित एवं गरिमामय हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान, नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन ने भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा एवं सामाजिक समरसता के मूल्यों को सशक्त रूप से उजागर किया। उपस्थित जनसमूह ने इसे धार्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

# देशभक्ति के रंगों में रंगा किरतपुर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर किरतपुर देशभक्ति के रंगों में पूरी तरह रंगा नजर आया। सुबह से ही नगर में उत्साह, उमंग और राष्ट्रप्रेम का माहौल बना रहा। स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी व निजी कार्यालयों, नगर पालिका और पुलिस स्टेशन में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं युवाओं द्वारा निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे नगर को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इस मौके पर मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल, मरियम गर्ल्स कॉलेज मुस्लिम फंड एवं मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान की ताकत, लोकतंत्र की गरिमा और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, ईमानदारी और शिक्षा के माध्यम से देश की तरक्की में योगदान दें। नगर पालिका परिसर में चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि हमारा संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और हमें एकजुट होकर देश के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। पुलिस स्टेशन में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने झंडा फहराकर देश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सेवा भावना पर प्रकाश डाला। मदरसा अनवारुल उलूम में कमेटी के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया, जबकि मदरसा दारुल उलूम रशीदया मेमन में मौलाना कलीमुज्जमा ने राष्ट्रध्वज फहराकर देश की एकता और भाईचारे का संद. 'श दिया। सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में पूर्व चेयरमैन अब्दुल जब्बार मकरानी एवं रईस बाबू ने ध्वजारोहण कर छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का महत्व बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पण, एकता और अनुशासन की प्रेरणा है। हमें अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

# यूजीसी के विरोध में विभिन्न संगठनों का प्रदर्शन

## वैश्य समाज, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा तथा भारतीय किसान यूनियन ने सौंपे ज्ञापन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** यूजीसी कानून के विरोध में धामपुर में विभिन्न संगठनों का रोष खुलकर सामने आया। वैश्य समाज, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा तथा भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की और इसे काला कानून बताया।

प्रदर्शन कर रहे संगठनों के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भेदभाव रोकने के नाम पर यदि किसी एक वर्ग को संदेह की दृष्टि से देखा जाएगा और निर्णय प्रक्रिया में उसकी प्रभावी सुनवाई नहीं होगी, तो यह न्याय नहीं बल्कि एकतरफा निर्णय होगा। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसे निर्णयों से खासकर सावन छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है और समाज में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

संगठनों ने कहा कि वे समानता, न्याय और सामाजिक सौहार्द के पूर्ण पक्षधर हैं, लेकिन यदि नियम और व्यवस्थाएं संतुलित न होकर एकतरफा बनाई जाती हैं, तो इससे भविष्य में सामाजिक विद्वेष, मानसिक उत्पीड़न और अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि यूजीसी कानून पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल वापस लिया जाए, ताकि समाज में किसी भी प्रकार का भ्रम और तनाव न फैल सके।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि किसी भी कानून को लागू करने से पहले सभी वर्गों और संगठनों से व्यापक संवाद आवश्यक है, ताकि सभी पक्षों की चिंताओं को समझा जा सके। बिना सहमति और संतुलन के लागू किए गए कानून समाज में विभाजन की स्थिति पैदा कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. एनपी सिंह, यशवीर सिंह, गीतम, अजय कुमार, रविंद्र चौहान, पप्पू, विशंभर सिंह, पूनम चौहान, राजपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, नितिन, अहमद, ललित, मीनू सिसोदिया, देवेंद्र सिंह, जयवीर सिंह सिसोदिया, अनिल राजपूत, दीपेंद्र सिंह चौहान, अमित गुप्ता, ललित गर्ग, उदित जैन, कविता राणा, ज्योति राणा, प्रदीप चौहान, अजीत राणा, नीरज, सोनिया, सुनीता, उपासना, नितिन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### एक नजर

## एनएस इन्टरनेशनल में कार्यक्रम



**बुढ़नपुर।** एनएस इन्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदाफल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें छोटे - छोटे बच्चों ने मन को आकर्षित करने वाले प्रोग्राम किये। हिन्दी एवं इंग्लिश दोनों भाषाओं में हिमांशु, युवराज एवं भव्या चौधरी आदि विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस के बारे में अपने भाषण भी प्रस्तुत किये। प्रिंसिपल रूचि सिंह ने संविधान के विषय में बताते हुये मौलिक अधिकारों से अवगत कराया। मैनेजर निखिल सिंह ने सभी को बधाई दी एवं स्कूल में शिक्षा से सम्बंधित सभी सुविधायें देने का आश्वासन दिया। चेयरमैन पवन सिंह ने स्कूल परिवार, समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मौ. अनीस अहमद, अंकुर कुमार, हरि कृष्णन, मदन सिंह, देवराज सिंह, हिमांशु चौहान, बबीता राजपूत, डिम्पल चौधरी, शीतल चौधरी, रूद्रा शर्मा आदि समस्त स्कूल परिवार उपस्थित रहा।

## विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**हल्दौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर की माधव बस्ती स्थित एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी में किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में सनातन संस्कृति व सांस्कृतिक चेतना को मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह प्रांत प्रचारक आनन्द कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष के सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज, राष्ट्र और संस्कृति के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है। कार्यक्रम में प्रांत नवदंपति प्रमुख कुटुंब प्रबोधन मुकेश चौधरी ने संघ के पांच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता को मजबूत करने, कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने, जल एवं पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अंग बनाना चाहिए साथ ही नागरिक कर्तव्य के प्रति सजग रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नाटिका के माध्यम से एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पवित्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाहक मुकेश कुमार, विभाग प्रचारक बिजनौर क्रांति कुमार, अखिल भारतीय संत समिति के सदस्य स्वामी वचन दास महाराज, महंत सियारामदास महाराज सहित नरेंद्र सिंह, शिवम कुमार, अमित कुमार, शुभम सिंह,दीपक एडवोकेट, दीपक चानू आदि सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

## राजा चरत सिंह कॉलेज में ध्वजारोहण



**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष कुंवर प्रद्युम्न जीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल शिक्षक योगाचार्य अरुण राजपूत ने प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। अध्यक्ष और प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किए। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश के अनेक देशभक्तों ने अपना बलिदान दिया है। हमारा दायित्व है कि उनको सदा याद रखें तथा भारत को विश्व गुरु बनाने में सभी अपना अपना सहयोग दें। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, रामबली, चेतन स्वरूप, हरिदेव सरोज, अरुण दीक्षित, शाजिया खान, अक्सा राजपूत, अनीता त्यागी, हेमंत राजपूत, दिव्यांजलि, लक्ष्मी, दीपांशी शर्मा, कल्पना, रुखसाना, नसीम अहमद, नीरज कुमार, अर्जुन सिंह, अभिषेक कुमार, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## सन शाइन स्कूल में ध्वजारोहण



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रमोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रबंधक विनोद मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। छात्रा नीलम, प्रगति, कशिश, श्वेता, दिव्या ने मां शारदे की वंदना कर नृत्य प्रस्तुत किया। काव्या, संध्या, यशी, दिप्शी, डिक्शी, चारखी, उज्ज्वल, अभिनव, वैष्णवी, प्रियांशी व सनाया ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

## मदरसे में ध्वजारोहण



**बुंदकी।** ग्राम समसपुर नसीब के मदरसा इस्लामिया अरबिया दारुल कुरान में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। ग्राम प्रधान अमित कुमार ने झंडा फहराया। कारी रहमत अली, कारी रमजानी, कारी वसी, हाफिज मौहम्मद मुकीम ने आजादी की लड़ाई के बारे में बताया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में शामिल मोईनुद्दीन, शकील अहमद, रफीक अहमद, शमीम, इरफान अहमद, नईम अहमद, जाहिद अहमद, शराफत, जाकिर एड., मौहम्मद हारुन आदि ग्राम के अन्य लोग भी शामिल रहे।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में ठेका, साप्ताहिक बाजार निरस्त

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत बोर्ड की आयोजित बैठक में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। जिनमें ठेका साप्ताहिक पैंठ बाजार निरस्त किया जाना भी शामिल है।

पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय पर सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में साप्ताहिक बाज़ार की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 वर्ष 2026-27 हेतु आउट सोर्सिंग/सेवा प्रदाता के माध्यम से जैम पोर्टल द्वारा कराने एवं न्यायालयों का समस्त वादों की पैरवी करने के लिए प्रियॉशु जैन एड. को पंचायत अधिवक्ता नामित करने एवं चौथे प्रस्ताव में मैर्सस एस एम कन्स्ट्रक्शन के पक्ष में वर्ष 2025-26 अंकन 14 लाख 16 हज़ार के साप्ताहिक बाजार ठेके की सम्पूर्ण राशि जमा न करने पर ठेका निरस्त करने तथा अवशेष राशि की वसूली हेतु आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता कौसर अब्बास ने व संचालन अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने किया जबकि लिपिक रईस अहमद व दस निर्वाचित सदस्यों ने भाग लिया।



सम्भल। यूजीसी में संशोधन के विरोध में बाइकों पर सवार कैमिस्ट विरोध प्रदर्शन करते।

# संशोधन के विरोध में सड़क पर आए कैमिस्ट

## यूजीसी में संशोधन का विरोध हुआ तेज, काला कानून नाम देकर प्रस्तावित संशोधन वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल** यूजीसी में संशोधन का विरोध तेज़ होता जा रहा है। सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले यूजीसी में प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर उप जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया।

यूनिवर्स्टी ग्रांड कमीशल (यूजीसी) के विरोध में सीनियर कैमिस्ट एसोसिएशन के बैन्र तले कैमिस्टों ने उप नगरी सराय तरीन से लेकर एसडीएम कार्यालय तक भ्रमण किया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। एसोसिएशन के जिला महासचिव नवनीत कुमार शर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लाया गया नया यू जी सी कानून बच्चों के भविष्य के लिए घातक है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून के तहत किसी भी छात्र पर झूठी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है, जिससे छात्र को कॉलेज से निष्कासित किया जा सकता है और उस पर मुकदमा भी दर्ज हो सकता है। जबकि झूठी शिकायत करने वाले पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। इतना ही नहीं, अगर कॉलेज ने कार्रवाई नहीं की तो उसकी मान्यता रद्द करने का भी प्रावधान बताया गया है। कानून वापस न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है। वहीं, जिला कोषाध्यक्ष सुमित कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि इस कानून से सभी वर्गों के बच्चों में भय का माहौल बन गया है। बच्चों को डर है कि किसी भी तरह का आरोप लगाकर उनकी पढ़ाई बाधित की जा सकती है। इससे न सिर्फ बच्चों का भविष्य, बल्कि देश का भविष्य भी खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने मांग की कि इस कानून को या तो पूरी तरह रद्द किया जाए या इसमें आवश्यक संशोधन किया जाए। प्रदर्शनकारी सराय तरीन से हयातनगर, चौधरी सराय, मेन बाजार, शंकर कॉलेज चौराहा, तहसील होते हुए एसडीएम कोर्ट तक पहुंचे।, प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आगे बाजार बंद करने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं। सीनियर केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि शिक्षा के अधिकार को समान और निष्पक्ष बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी छात्र के भविष्य के साथ अन्याय न हो।



बबराला। वार्डन व स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण समापन पर बोलती अनुकृति शर्मा

# स्वयं सेवक सभी की सहायता को रहें तत्पर: अनुकृति शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा कोर नरोरा के वार्डन और स्वयंसेवकों का सात दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन हो गया।

नगर के बगीचा बेंकट हॉल में संपन्न हुए प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि एएसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि जो आपने प्रशिक्षण में सीखा हैं। उनको आप आगे नागरिकों को दिखाएं। जिससे वह भी दूसरों के जीवन को बचा सके। पुलिस के नागरिक शिक्षा स्वंयसेवक हाथों की तरह हैं।आप पुलिस के हाथों को मजबूत करते हैं। आप लोग समाज की सेवा करते हैं। लोगों की सुरक्षा के लिए आपको प्रशिक्षित किया गया है। इसका प्रशिक्षण लेकर आप लोगों की आपदा में सहायता करें।आप लोग मेडिकल विभाग व पुलिस विभाग की सेवा में तत्पर रहे।दुर्घटना होने पर सभी लोगों की मदद करें। केवल आपदा में ही आपकी डयूटी नहीं है नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण नागरिक सुरक्षा नरोरा की उप नियंत्रक अनुराधा सिंह के संरक्षण में नरोरा से संचालित तीनों डिवीजन गुन्नौर सम्भल, डिबाई बुलंदशहर, जिरौली अलीगढ़, के वार्डेन और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने हेतु संचालित हुआ। उक्त प्रशिक्षण में कुल, 270, महिला और पुरुष वार्डेन तथा स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त भाग लिया। उप नियंत्रक अनुराधा सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों और वार्डेन को आपदा प्रबंधन के प्रति दक्ष बनाना और आपात स्थितियों में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है।

# बारिश ने किसानों की चिंता को बढ़ाया

## दोपहर से शुरू हुई तेज बारिश ने ठंडक के साथ फसल को भारी नुक्सान पहुंचाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। लगातार हुई नमी से आलू की फसल को झुलसा रोग का खतरा मंडराने लगा है। इससे किसानों की नींद उड़ी हुई है।

जनपद में मंगलवार की दोपहर शुरू हुई बारिश ने आलू किसानों की चिंता काफी बढ़ा दी है। लगातार नमी और बदलते मौसम के चलते आलू की फसल पर झुलसा रोग का गंभीर खतरा मंडराने लगा है। इससे किसानों की नींद उड़ गई है। वे फसल को लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। प्रगतिशील किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में आलू की फसल लगभग 85 दिन की हो चुकी है। फसल संवेदनशील अवस्था में है। ऐसे में यदि बारिश के बाद तेज धूप निकलती है, तो झुलसा रोग तेजी से फैल सकता है। कुछ ही दिनों में पूरी फसल बर्बाद होने की आशंका बनी हुई है। आलू किसान नत्थू सिंह निवासी गुन्नौर अब्दुल हई ,पुनीत,मोनू समेत अन्य किसानों ने बताया कि मौसम में अधिाक नमी होने से खेतों में रोग पनपने की संभावना बढ़ गई है। किसानों के अनुसार, झुलसा रोग लगने पर पौधों की जड़ से लेकर पत्तियों तक झुलस जाती हैं। पूरा पौधा धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। किसानों ने बताया कि इस रोग के साथ-साथ फसल में चुर्री रोग की समस्या भी बढ़ जाती है। इससे आलू का कंद प्रभावित होता हैं। इसका सीधा असर पैदावार पर पड़ता है। उत्पादन में भारी गिरावट आ जाती है। यदि समय रहते बारिश न रुकी तो सरसों की फसल भी प्रभावित होगी। बारिश तेज हुई तो फलियों से सरसों झड़ कर नीचे गिर जाऐगी। आलू की मंदी ने वैसे ही किसानों की कमर तोड दी है कुछ उम्मीदें सरसों से थी वह भी लगता है बारिश की भेंट चढ़ जाएगी।जिले भर में दोपहर से हो रही तेज बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है।

# लाइब्रेरी के सौ साल होने पर दिए अवॉर्ड

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के नगर पालिका स्थित आशिक पब्लिक लाईब्रेरी के 100 साल पूरे होने पर अवार्ड वितरण कार्यक्रम जश्ने आशिक पब्लिक लाईब्रेरी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे रफीक राही, शुजाअत सम्भली, मास्टर मकसूद, डा. नसीमुज्फ्फर, नरेश शुक्ला एडवोकेट, किश्वर जहां जैदी डा. अजीज उल्ला खां, तस्दीक इलाही, मुर्करब हुसैन को अवार्ड देकर व शॉल पहनाकर, मेडल एवं शील्ड आदि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे एसीजेएम चन्दौसी नावेद अख्तर एवं ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी मुख्य अतिथि रहे। जबकि संचालन निजाम खा ने किया। इस दौरान लाइब्रेरी के विकास और उसमें पाठकों की संख्या बढ़ाने आदि पर वक्ताओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम मे वसीम अख्तर, मुदस्सिर हुसैन, इमरान तुर्की आदि मौजूद रहे।



सम्भल। राष्ट्रपति के एट होम में शामिल किसान आशुतोष सिंह

# राष्ट्रपति के एट होम में शामिल हुए जिले के प्रगतिशील किसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले के प्रगतिशील प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अशुतोष प्रताप सिंह को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'एट होम' रिसेप्शन में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में देश-विदेश के अनेक विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने का अवसर मिला। इसके साथ ही उन्होंने यूरोपीय संघ के चेयरमैन एवं को-चेयरमैन सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इस दौरान भारत में प्राकृतिक खेती के विस्तार, प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। अशुतोष प्रताप सिंह ने प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव और नवाचार साझा किए तथा बताया कि किस प्रकार रासायन मुक्त और पर्यावरण अनुकूल खेती किसानों की आय बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण में सहायक है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनके प्रयासों की सराहना की और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर श्री सिंह ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मंच से उन्हें किसानों के बीच प्राकृतिक खेती को और अधिक प्रोत्साहित करने की प्रेरणा मिली है। यह उपलब्धि न केवल सम्भल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के किसानों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# रोटैरियन चिकित्सक ने रात में घायल का किया उपचार

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गन्ने की ट्राली से आंख में गंभीर चोट लगने से बीती रात को 12 बजे कहीं उपचार की सही व्यवस्था नहीं बनी क्योंकि 26 जनवरी की वजह से मुरादाबाद मैं भी कोई डा.क्टर रात में उपलब्ध नही थे, रात 12 बजे जब वो हताश होकर मुरादाबाद से वापस आ रहे थे तब उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार की आवश्यकता हुई। क्योंकि आंख मैं बहुत ब्लीडिंग हो रही थी। रात को बबराला के नेत्र डा. राहुल यादव को फोन किया। तो डा. राहुल यादव का तुरन्त फोन उठा। वह रोटेरियन भी हैं।उन्होंने एक सच्चे रोटेरियन का परिचय देते हुए कहा कि घायल को तुरंत मेरे पास भेजो। रात 1.30 बजे डा. राहुल ने उनको उपचार दिया व रात में सर्जरी की। अब उनकी आंख पूर्ण रूप से सुरक्षित व सही है। घायल के परिजनों ने रोटरी क्लब गंगा के पूर्व अध्यक्ष डा. राहुल यादव का दिल से नमन किया।



सम्भल-मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती बच्चियां।



सम्भल-सिल्वेंजा हॉस्पिटल चैयरमेन संग राष्ट्रीय ध्वज फहराते।



सम्भल। प्रभात फेरी निकालते बाबा रतन गिरि आर्दश इं. कॉलेज के बच्चे।



सम्भल। खानकाहे कर्बला पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते मियां इंतेज़ार

# बार और बैंच में सामंजस्य ज़रूरी: सिविल जज

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर में सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर नाजिम अकबर के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजम किया।गुन्नौर बार के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गयी।

सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर नाजिम अकबर ने कहा कि बार और बैंच में जब सामंजस्य होता है। तभी न्याय शुलभ होता है। क्योंकि बार और बैंच दोनों ही न्याय के पूरक हैं। गुन्नौर में लगभग एक वर्ष कुछ कम का समय बहुत अच्छा रहा।वादकारियों को समुचित न्याय मिला। जिसके लिए सभी अधिवक्ताओं को धन्यवाद। नए अधिवक्ता विधि व्यवसाय में अच्छा सहयोग कर रहे हैं। आगे भी जारी रखेंगे। गुन्नौर बार की प्रशंसा की। सभी अधिवक्ता गण कॉपरेटिव नेचर रहे। उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश वर्मा ने कहा कि गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने तहसील के अधिकारियों से मधुर सम्बन्ध हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अवधेश वर्मा, तहसीलदार रविन्द्र विक्रम, नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह, बार अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह यादव,महासचिव सुरेश यादव, श्रीकृष्ण भारद्वाज,भानु प्रकाश यादव, रागिब उल्ला, भगवान सिंह यादव सत्यवीर, चंद्रभान सिंह, बीरेश अम्बरीश आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी भवनों, स्कूल कॉलेजों, निजि संस्थानों, राजनीतिक कार्यालयों पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रही धूम

# सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/असमोली/ सिरसी/ बहजोई।** गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की धूम रही, जबकि देश की आन,बान व शान नगर व ग्रामीण अंचलों में तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण के उपरान्त देश के लिए कुर्बान होने वाले अमर शहीदो को याद किया और भारतीय संविधान पर विस्तार से रोशनी डाली।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं के साथ समस्त सरकारी व अर्द्ध सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा फहराया। सैंट जीलानी पब्लिक स्कूल मे ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में कलीम अशरफ आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज हयात नगर में अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया। प्रबंधक साहू दिनेश चन्द्र गुप्ता व कविता गुप्ता ,साहू संजीव कुमार, साहू विजयपाल शंकर भूषण सरण जनता इण्टर कॉलेज के प्रांगण मे प्रबंधक द्वारा झण्डा रोहण के बाद सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुती से छात्र-छात्राओं ने सबका मन मोह लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र बर्तवाल ने इस दिन की महत्वता पर प्रकाश डाला। जबकि एसपी गम्भीर, कार्यालय अधीक्षक संजीव शर्मा, सुधीर कुमार, मुकेश शर्मा, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे। जिला संयुक्त चिकित्सालय मे सीएमएस डा. राजेन्द्र सैनी ने ध्वजारोहण कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर डा. अजफर कमाल, डा. निर्मल सिंह, डा. विश्वनाथ प्रताप, देवेश दीक्षित, डा. जया कौशल, सुरेश पाल सिंह, केके हटवाल आदि रहे। हसनपुर रोड तुर्तीपुर इल्हा स्थित समाजसेवी मियां जी इंतजार हुसैन ने गणतंत्र दिवस के 77 वे अवसर पर अपने निवास पर स्वयं सेवकों तथा स्थानीय लोगों के साथ तिरंगा झंडा फहराया राष्ट्रगान के बाद संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई तथा भाईचारे के साथ रहने का संकल्प लिया गया। मियां जी इंतजार हुसैन ने गणतंत्र दिवस के महोत्सव को बताते हुए कहा कि आज ही के दिन हमारा देश गण राज्य हुआ था क्योंकि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया के सभी सविधानों से बड़ा तथा शानदार है हमारा संविधान अपने नागरिकों को सम्मान अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर शाहनवाज हुसैन मोहम्मद गफीर मोबीन मोहम्मद कासिम जर्रर भूरा मोहम्मद हिमाल शारिक नुमान डा. कमल सिंह इकतेदार मोहम्मद अथर कमाल मोहम्मद फईम मोहम्मद वसीम सहित अनेक लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन जफरुल इस्लाम तथा अध्यक्षता मियां जी इंतजार हुसैन ने की असमोली 32 विधानसभा से पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी रफतउल्ला उर्फ छिद्दा नेता के निवास बदायू दरवाजा पर झण्डा रोहण कर राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड., हरद्वारी लाल गौतम, साजिद अहमद सैफी, अमित कुमार, नसीम सैफी, फिरोज आलम, धर्मेन्द्र कुमार, नौबत सिंह, कमरूज्जमा आदि मौजूद रहे। रहमान नर्सिंग होम रूकनुद्दीन सराय मे डा. अताउरर्हमान ने झण्डा फहराया तथा पल्स मेडिकल सेन्टर डाक्टर्स कालोनी मुरादाबाद मार्ग पर डा. मौहम्मद वसीम ने झण्डारोहण किया। डायरेक्टर आसिफ रजा ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। डा. शहजाद बॉडी लाईन सेन्टर एण्ड एण्डोस्कॉपी क्लीनिक्स डाक्टर्स कालोनी मे डा. शहजाद आलम व डा. मोहसिना ने झण्डा फहराया। बहजोई मार्ग सुशीला सक्सैना हॉस्पिटल पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह मे डा. यूसी सक्सैना व डा. संजय वार्ष्णेय, शान्तनु सक्सैना एड. ने झंडा फहराया, जबकि डा. निधि सक्सैना, डा. सुधांशु, डा. तौसीफ अहमद,डा. एच के भारतीय आदि ने गणतंत्रपर विस्तार स्र प्रकाश डाला। बृज रतन सुन्दर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मं गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजना गुप्ता व प्रबंधक अरूणा गुप्ता व अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। जबकि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्या संजना गुप्ता ने सभी का आभार जताया। मिशन इंटरनेशनल एकेडमी (सीनियर सेकेंडरी) में 26 जनवरी, उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैनेजर मुशीर खान तरीन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर शानेरब, शबाना कौसर, परवीन ताज, जुनैद इब्राहिम, दरक्शा अब्बास आदि रहे। कायनात इण्टर नैशनल स्कूल हसनपुर मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम मे प्रबंधक ख्वाजा मौहम्मद फहीम ने झण्डा रोहण किया। इस अवसर पर प्रिन्सिपल मौहम्मद इमरान, मौहम्मद आसिम, शंकर सिंह, माजिद अली, आकिफ अली, तल्हा, गालिब, वरीशा हामिद, शाहज़ेब, मौहम्मद सलीम, प्रदीप आर्य, आफताब अली, अयाज आदि शामिल रहे। नगर के भूरे शाह रोड स्थित सिल्वेंजा हॉस्पिटल मे चैयरमेन हाजी इसरार खां ने झण्डा फहराया इस मौके पर डा. शम्स तबरेज ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर डा. रेहानुल हुदा, डा. बुशरा जबी, डा. जूहा तबरेज, डा. बिलाल, डा. मुदस्सिर, डा. तनुज आदि रहे। **सिरसी:-** कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाते हुए सरकारी एवं अर्द्वसरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर चैयरमेन कौसर अब्बास ने ध्वजारोहण कर 75 फीट ऊंचे ध्वज का लोकार्पण किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी व सभासद मौजूद रहे। ध्वजाारोहण के बाद मिष्ठान का वितरण किया गया। साथ ही चेयरमैन कौसर अब्बास ने नियमित संविदा एवं आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को शीत कालीन वर्दी का भी वितरण किया। जवाहर लाल मैमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलिज में भी अध्यक्ष कौसर अब्बास ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर कार्यवाक प्रधानाचार्य मनोज कुमार एवं सभी स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा यूनिटि चिल्ड्रेन एकेडमी में डायरेक्टर शबीह अब्बास नकवी, भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक संदीप जैन ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा अन्य शिक्षण संस्थानों पर भी ध्वज फहराया गया। इस अवसर करते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए समाज के सभी वर्गों का साथ एवं सहयोग ज़रूरी है। सफाई कर्मचारियों को वर्दी भी दी गई। इस अवसर पर हबीब रज़ा, खुर्शीद मलिक, हाशिम अली, आशिक अब्बास, मौ. साहिर, लिपिक रईस अहमद आदि सभासद के अलावा मीसम अब्बास व तौला सभासद प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कस्बे के यूनिटि चिल्ड्रैन एकेडमी में संस्थापक शबीह अब्बास नकवी, एन,आर इंटर कॉलेज के प्रबंधक राशिद अली बहमन पब्लिक स्कूल में शोभित कुमार रस्तोगी, भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक प्रवेश कुमार व डाकघर में पोस्ट मास्टर रामरतन सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा पशु चिकित्सालय आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सालय हौम्योपैथी अस्पताल, जिला सहकारी बैंक आदि सरकारी भवनों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया।कलक्ट्रेट परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वहां उपस्थित सभी लोगों को संकल्प दिलाया। जबकि कलक्ट्रेट परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर जाकर भारत के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन करते हुए श्रृद्वांजलि अर्पित की। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत एवं संगीत ने गणतंत्र दिवस की शोभा ओर ओर भी अधिक बड़ा दिया। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने देशभक्ति गीत गाकर लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने कहा कि इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था तब से आज तक हम सभी संविधान के अनुसार कार्य कर रहे हैं हम सभी को संविधान में जो कर्तव्य दिए गए हैं उनका पालन करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का कार्य चल रहा है 17 वर्ष से ऊपर के नये बनने वाले मतदाता या जो पुराने हैं उन्हें अपने आप को फार्म 6 के माध्यम से वोटर लिस्ट से जोड़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज का दिवस जन, गण, मन की याद दिलाता है जनता अपने गण अर्थात समूह अर्थात प्रजातंत्र को चुनने के लिए अपने मन से स्वतंत्र है। कार्यक्रम में स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के परिवार से आए सम्मानित परिजनों परविंदर देव शर्मा एवं मोहित शर्मा को मिष्ठान देकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। **बबराला:-** गणतन्त्र दिवस पर लोहिया कान्वेंट स्कूल में पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने ध्वजारोहण किया। बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर उमेश यादव आदि रहे। शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज बबराला में प्रबन्धक लक्ष्मी नारायन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सोमेश पाठक रहे। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल बबराला में प्रबन्धक अतुल गोयल की माता मंजू गोयल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान प्रबन्धक अतुल गोयल,कार्तिक गोयल,प्रधानाचार्य सुशील शर्मा, सोनल शर्मा आदि रहे। यारा फर्टिलाइजर डीएवी पब्लिक स्कूल बबराला में गणतन्त्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व् देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। इससे पूर्व फेक्ट्री के उपाध्यक्ष व स्कूल चेयरमैन एम एस प्रसाद ने ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि भारत को स्वतन्त्रता बड़ी शहादतों के बाद मिली। उन्होंने एनसीसी एंव स्काउट और गाइड द्वारा परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत व स्टाफ मौजूद रहा। शांतिदेवी मेमोरियल इंटर कॉलेज अब्दुल हई में प्रबन्धाक सुमित यादव ने धवजारोहण किया।प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे। नगर पंचायत बबराला में चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत गुन्नौर में चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान ईओ अमरेश तिवारी, धर्मेंद्र प्रजापति,महिपाल सिंह,सचिन प्रजापति,कुमोद वार्ष्णेय आदि रहे। माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के सदस्य कार्तिक गोयल, सत्यम मिश्रा, पुष्पेन्द्र शर्मा ने गंगाघाट राजघाट आरती स्थल पर ध्वजारोहण किया। गंगा श्योदान सिंह महाविद्यालय में संस्थापक श्योदान सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रबन्धक अनुराग यादव, आनन्द प्रकाश आदि थे। डीएवी इंटर कॉलेज में हरेशबाबू शर्मा ने ध्वजारोहण किया। रविराम उच्चतर माध्यमिक विधालय जिजोड़ा डांडा में प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने झंडा फहराया। वैष्णो स्वरूप गैस एजेंसी पर ध्वजारोहण राजवीर सिंह ने किया। डीएनएएम इंटर कालेज में प्रबन्धक विवेक अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। स्टाफ मौजूद रहा। सब रजिस्टार कार्यालय गुन्नौर पर ध्वजारोहण राजवीर सिंह ने किया। फारुख अली मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण रूहुल इस्लाम ने किया। पीएचसी बबराला पर डा. विनय गंगवार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, नन्द किशोर आदि रहे। कैलादेवी स्थित बाबा रतनगिरि आर्दश इंटर कॉलेज में डेढ़ सौ फीट तिरंगे के साथ मुख्य चौराहे से होते हुए स्कूली बच्चें ने प्रभात फैरी निकाली। नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सपा के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने ध्वजारोहण किया जबकि बच्चों ने राष्ट्रगान कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। वह अपने देश के इस राष्ट्रीय पर्व को उत्साह के साथ मनाये। आज हमे जिस प्रकार संविधाान मिला उसने हमे हमारे अधिकारों से रूबरू कराया और चौक से जीने और अपनी बात रखने का मौका दिया। अंत मे सभी को मिठाईयां बांटी गई।

# दो दिन अवकाश के बाद खुली तहसील में दावे पेश करने आए मतदाताओं की लगी भीड़



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दो दिन के अवकाश के बाद खुली तहसील में एस आई आर का काम शुरू हुआ तो आज दावे पेश करने वाले मतदाताओं की भीड़ लग गई लोग बड़ी संख्या में अपनी अपनी अदालत में पहुंचे और अपने मतदाता होने के सबूत पेश कर नाम जुड़वाने का काम किया।

लेकिन कुछ देर बाद शुरू हुई बारिश ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया सुबह लोग साफ मौसम के कारण कम कपड़े पहन कर आए थे लेकिन बारिश के साथ ठंड बढ़ गई और इससे मतदाता बनने आए लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिन महिलाओं के साथ छोटे बच्चे थे उनको भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है इस दौरान कई तरह की अव्यवस्थाएं भी सामने आई मतदाता क्या सबूत पेश करें इसकी सलाह बीएलओ से लेते दिखाई दिए। बीएलओ का भी कहना था कि इस मामले में हर दिन नियम बदलते जा रहे हैं जिसकी वजह से काफी दिक्कतें बढ़ रही हैं और कोई अधिकारी सही जानकारी देने को तैयार नहीं है।

# बाजार में महिला ने लहराई बंदूक, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। वीडियो में एक महिला खुलेआम बाजार में देशी बंदूक लहराती नजर आ रही थी। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वायरल वीडियो मैनाठेर थाना क्षेत्र के ताहरपुर गांव का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह वीडियो 25 जनवरी का है, जिसमें महिला बाजार में दबंगई दिखाते हुए अवैध देशी बंदूक लहराती हुई दिखाई दे रही है। किसी राहगीर ने यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।पुलिस ने जांच के बाद आरोपी महिला नेहा पत्नी रईस को गिरफ्तार कर लिया। महिला के पास से अवैध देशी बंदूक भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब इस बात की गहनता से जांच की जा रही है कि महिला के पास बंदूक कहां से आई और बाजार में बंदूक लहराने के पीछे उसका उद्देश्य क्या था। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस घटना के पीछे कोई पुराना विवाद या आपराधिक साजिश तो नहीं है।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कानून को हाथ में लेने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।





# पुलिस लाइन समारोह में एसएसपी ने बिलारी के संजय जैन को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस लाइंस मुरादाबाद में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा बिलारी निवासी व्यापार मंडल और नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विभिन्न अवसरों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस और प्रशासन के कार्य में सक्रिय सहयोग देने के लिए उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई और भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग मिलने की अपेक्षा की गई। ज्ञात रहे कि बिलारी क्षेत्र से एकमात्र संजय जैन को ही पुलिस महकमे ने सम्मान के लिए चुना। यह उनका लगातार तीसरी बार का सम्मान है। 64 वर्षीय श्री जैन 1985 के विधि स्नातक होने के साथ सामाजिक कार्यकर्ता हैं। नगर मेला कमेटी के अंतर्गत मेला फूलडोल शोभायात्रा, मेला रामनवमी एवं कंस वध, हरियाली तीज मेला आदि का आयोजन भी धूमधाम से कराते हैं। व्यापार मंडल का अध्यक्ष होने के नाते दिन-रात व्यापारियों की समस्याओं का निदान करने एवं अन्य पीड़ितों की सहायता करना इनका शगल है। आप स्वास्थ्य विभाग के आह्वान पर प्रतिवर्ष टीबी के 25-30 रोगियों को गोद लेकर उनके पोषण की व्यवस्था करते हैं। टीबी रोगियों की सेवा करने के लिए प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बैन पटेल द्वारा भी 2020 में इन्हें सम्मानित किया जा चुका है। गवर्नर द्वारा सम्मानित बिलारी के यह पहले व्यक्ति हैं। इनका कहना है कि मानव जीवन का यही प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए कि हम यदि किसी जरूरतमंद के काम आ सकें तो आना चाहिए यही परमात्मा की भक्ति भी है।



# यूजीसी कानून के विरोध में ब्राह्मण शक्ति संघ ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** मंगलवार को ब्राह्मण शक्ति संघ के सदस्य नगर के फब्बारा चौक पर एकत्रित हुए और भारत सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार चन्दौसी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने भारत सरकार द्वारा लागू यूजीसी कानून का विरोध करते हुए मांग की कि या तो इस कानून के प्रावधानों में संशोधन कर समिति में सवर्ण समाज की सदस्यता को अनिवार्य किया जाए तथा झूठी व भ्रामक शिकायत करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अथवा इस कानून को पूरी तरह वापस लिया जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज सहित सवर्ण समाज को उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि समय रहते सरकार को इस कथित सवर्ण विरोधी काले कानून को समाप्त करना चाहिए या आवश्यक सुधार करने चाहिए, अन्यथा भविष्य में होने वाले आंदोलनों की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। ज्ञापन देते समय विवेक मिश्रा, मुकेश गौड़, सचिन मिश्रा, अविरल शर्मा, विवेक शर्मा गुमथल, अशोक पाराशरी, निशांत शर्मा, पराग शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, आचार्य रितुपर्णा शर्मा, मुदित शर्मा, सौरभ दीक्षित, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, कौशल उपाध्याय, दीपक ठाकुर, गोविंद वार्ष्णेय, सचिन शर्मा, विकास शर्मा, अरविंद शर्मा, राजीव शर्मा, दुष्यंत चौहान, अभिषेक शर्मा, सावन शर्मा, अजय पाठक, पराग शर्मा, अनुराग गौड़, मोहन गौतम, राजीव मिश्रा, लक्ष्य भारद्वाज, विशेष भारद्वाज, कृष्णानंद शर्मा, विकास उपाध्याय, वेद प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद पहुंचे ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कांठ रोड स्थित स्वयंवर बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने मंच से केंद्र व प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिसे भगवान का दर्जा दिया गया हो, उससे बड़ा कोई नहीं होता। उन्होंने शंकराचार्य को मनाने कोई न पहुंचने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अन्याय मोदी सरकार की देन है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को रद्द कर संविधान की मूल भावना के खिलाफ कानून लाए गए, जिससे समाज में जहर फैल गया। उन्होंने कहा कि अब स्थिति यह है कि झूठा आरोप लगते ही व्यक्ति को जेल भेज दिया जाता है और अपनी बात रखने का अधिकार भी नहीं रह गया। इसके लिए उन्होंने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया।मीडिया से बातचीत में त्रिपाठी ने बताया कि ब्राह्मण महाकुंभ के आयोजन के क्रम में वह दिल्ली तक यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में हमेशा लहू बहा है और आने वाली पीढ़ियों व अधिकारों की रक्षा के लिए यदि संघर्ष करना पड़ा तो ब्राह्मण समाज पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य संगठनों को कार्यक्रमों की अनुमति मिलती है तो ब्राह्मण महासभा को क्यों रोका जाता है।उन्होंने भाजपा सरकार पर ब्राह्मण समाज के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए कहा कि दलित एक्ट जैसे कानूनों पर कुछ नेता चुप रहे और समाज को जातियों में बांटने का काम कर रहे हैं। शंकराचार्य के समर्थन में उन्होंने कहा कि मां गंगा की गोद में बैठकर न्याय मांगने वालों को मनाने तक कोई नहीं पहुंचा, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।



# गणतंत्र दिवस पर भारतीय किसान यूनियन टिकेट के पदाधिकारियों ने ट्रैक्टरों से निकाली तिरंगा रैली



**मूंढापांडे।** क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन टिकेट संगठन ने गणतंत्र दिवस पर ट्रेक्टरों से तिरंगा रैली का आयोजन किया,यह रैली मनकरा मोड़ नेशनल हाईवे से शुरू हुई,रैली मनकरा मोड़ नेशनल हाईवे से होते हुए मूंढापांडे, भदासना, नियामतपुर इकरोटिया, टोल प्लाजा से निकलते हुए दलपतपुर चौराहे से होते हुए वापस मनकरा मोड़ पहुंची, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा,इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारी संख्या में तिरंगा फहराने के बाद इस पर्व को महापर्व के रूप में मनाने के लिए जागरूक किया।

ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि 26 जनवरी एक महापर्व है और इसे पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाना चाहिए।उन्होंने लोगों से अपने-अपने घरों पर हर साल की तरह इस 26 जनवरी को तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

नरेंद्र प्रताप चौहान, श्याम विजय सिंह, गुड्डू पाशा,अजय पाल सिंह,सराफत हुसैन,माखन सिंह, मोहम्मद जान, चंद्र विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाम बदलकर शादी कराने और चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**चन्दौसी।** नाम व धर्म छिपाकर अविवाहित युवकों से शादी कराने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम ऐंठने तथा शादी के कुछ ही दिनों बाद घर से कीमती जेवरात व नकदी चोरी कर फरार होने वाले गिरोह का चन्दौसी पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवली चन्दौसी पुलिस ने काजल उर्फ नूरजहां खातून निवासी पश्चिम बंगाल (हाल पता बदायूं), राजीव पुत्र नरेशपाल निवासी बदायूं तथा पूजा उर्फ आयशा खातून निवासी पश्चिम बंगाल (हाल पता ग्राम पतरौआ, थाना चन्दौसी) को गिरफ्तार किया। मंगलवार को मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा किया गया।

पुलिस के अनुसार 25 जनवरी 2026 को ग्राम पतरौआ निवासी रामजीमल की तहरीर पर दर्ज मुकदमे की विवेचना में सामने आया कि आरोपी अलग-अलग गांवों में जाकर अविवाहित युवकों को शादी का लालच देते थे, उनसे 50 से 75 हजार रुपये तक वसूल कर फर्जी शादियां कराते थे और महिलाओं को पहले से निर्देशित किया जाता था कि वे 5-6 दिन ससुराल में रुककर घर का कीमती सामान चोरी कर बिना बताए फरार हो जाएं। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है, जिनके कब्जे से एक अंगूठी, एक पाजेब, एक चौन तथा 4700 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।



# गणतंत्र दिवस पर गणमान्यों ने किया जगह-जगह ध्वजा रोहण, लोगों को बताया इस दिन का महत्व

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गणतंत्र दिवस का पर्व क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर कांठ नगर पंचायत में अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी और उमरी कला नगर पंचायत में हाजी उस्मान अली ने ध्वजारोहण किया इस दौरान उन्होंने नगर में कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी और आगे किए जाने वाले विकास कार्यों के बारे में भी अवगत कराया। इकबाल आलम अंसारी ने नगर के लोगों को कांठ में कराये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और उनका लोकार्पण किया।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके साथ-साथ तहसील थाना एमएमवाई पब्लिक स्कूल डीएसएम इंटर कॉलेज डिग्री कॉलेज सरस्वती शिशु मंदिर हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल दा मिल्लत स्कूल महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पब्लिक इंटर कॉलेज सहित सरकारी गैर सरकारी स्कूल कॉलेज एवं संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय पर भी पदाधिकारियो ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गया इसके अलावा एस बी चिल्ड्रन एकेडमी एमबीड़ी स्कूल,धर्म सिंह इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर आदि जगहों पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों का मन मोह लिया।

बच्चों द्वारा अलग-अलग तरह के कार्यक्रम लोगों के सामने पेश किए गए और उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कई जगहों पर गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया और सभी ने देश के विकास को लेकर सहयोग करने और आजादी की लड़ाई में शहीदों की कुर्बानी को हमेशा याद करने का संकल्प लिया।



## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट में दो दोषियों को चार-चार साल की सजा

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में अपराधियों के विरुद्ध लगातार न्याय का हंटर चल रहा है। यदि अपराध के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं तो दोषियों का बच पाना मुश्किल हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने थाना असमोली जनपद संभल के अपराध संख्या 198/2010, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम-1986 के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई। न्यायालय ने सतपाल पुत्र चरनसिंह, निवासी ग्राम पाड़की, थाना आदमपुर, जिला अमरोहा तथा वीरेंद्र उर्फ गुड्डू पुत्र हरपाल सिंह, निवासी ग्राम शरीफपुर, थाना नखासा, जिला मुरादाबाद (वर्तमान जनपद संभल) को चार-चार वर्ष के कारावास एवं प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्तों का अपराध पूर्ण रूप से सिद्ध हुआ है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि यदि अभियुक्त अर्थदंड अदा नहीं करते हैं तो उन्हें अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा कराये जाने में शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार व कोर्ट मोहर्रिर राजकुमार सिंह का सहयोग रहा।

### ग्रीन्स कॉलोनी में मंदिर को लेकर नोकझोंक

**चन्दौसी।** मंगलवार को थाना बनियाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित चन्दौसी ग्रीन्स कॉलोनी में मंदिर को लेकर नोकझोंक हो गई। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार एवं थानाध्यक्ष बनियाठेर मनोज वर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। कॉलोनी में निवास कर रहे भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल चौहान ने स्वयं को गिरफ्तार करने की बात कहते हुए कथित गलत जांच रिपोर्ट का विरोध किया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन डॉ. विशाल चौहान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह गलत जांच रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करेंगे और यदि प्रशासन मंदिर हटाना चाहता है तो बुल्डोजर लेकर कार्रवाई करे। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस उन्हें अपने साथ थाने ले गई, जहां करीब आधा घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि विवाद के समाधान को लेकर मंदिर को किसी अन्य स्थान पर बनाए जाने पर सहमति बनी है। हालांकि चन्दौसी ग्रीन्स कॉलोनी में विवाद के संबंध में न्यायालय में विचाराधीन है।

### रेलवे मंडल के स्टेशनों पर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**मुरादाबाद।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मुरादाबाद रेल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम, मुरादाबाद के प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रगान के उपरांत परेड कमांडर द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके बाद मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण वाहन से परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विनीता श्रीवास्तव ने मुरादाबाद रेल मंडल द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं अर्जित उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए रेल परिवार से राष्ट्र निर्माण और रेल विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों तथा बाल विद्या मंदिर, मुरादाबाद के बच्चों के साथ तिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए।कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल के प्रशिक्षित श्वान द्वारा डॉग शो का आयोजन किया गया, जिसमें तिरंगा लेकर आग के घेरे से कूदने जैसे अद्भुत करतबों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक टीमों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। स्काउट्स एवं गाइड्स, बाल विद्या मंदिर और केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों की रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बना दिया।समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवार. जनों व मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अंत में रस्साकशी प्रतियोगिता और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी स्टेशनों पर मिठाई वितरण के साथ गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।



### बारिश से बड़ी ठंड, खड़ी गेहूं की खेत में गिरे गेहूं, सरसों की फसल को नुकसान की आशंका

**कुंदरकी।** मंगलवार को मौसमम ने बदली करवट तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ठंडक प्रकोप बढ़ा लोग हुए बेहाल गेहूं की खड़ी फसल भी हुआ तेज हवाओं के साथ बारिश से हुई प्रभावित, जानकारों के अनुसार रसों के की खेती पर भी इस बरसात का असर देखा जा रहा है तेज बरिश से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। आसमान में काले बादल अभी भी छए हुए हैं रुक रुक कर भी बूंदाबांदी हो रही है।

### तमंचे सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे सहित घूमते समय गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कर्बला रोड पर कस्बा इंचार्ज अमित कुमार सिंह ने बिलारी के मोहल्ला कोरियान निवासी युवक अमित कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### लाइट का तार जोड़ने को लेकर घर में किया पथराव, वीडियो वायरल

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ा खास की रहने वाली गुले शहनाज पत्नी मोहम्मद तय्यव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार को मेरे मकान में टाइल्स पत्थर लगाने का कार्य चल रहा था इसी दौरान बिजली का तार हिल गया उसको छत पर चढ़ कर लगा दिया गया इतने में ही मेरे पड़ोस में रहने वाले गुड्डू पुत्र अबरार,जैद ,हुजैव पुत्र गुड्डू, गुड्डू की पत्नी नसरीन व दूसरी पत्नी प्रयंका उर्फ शवाना ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुमने हमारे बिजली के तारे हटा दिया, जब मैंने गाली गलौज का विरोध किया तो सभी परिवार के सदस्यों ने घर में पथराव शुरू कर दिया, पथराव होता देख मैंने अपने बच्चों को घर में बंद कर दिया और डायल 112 को सूचना दी।

मौके पर पहुंची डायल पुलिस ने पुलिस चौकी जाने को कहा हमने पुलिस चौकी करनपुर को लिखित तहरीर दी मगर पुलिस ने उक्त लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं की, उक्त लोग इससे पहले भी हमारे साथ मारपीट कर चुके हैं, पीड़ित गुले शहनाज ने थाना मूंढापांडे में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पांच दिन बैंकिंग कार्य की मांग को लेकर राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं रही बंद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सप्ताह में 5 दिन बैंकिंग कार्य की मांग को लेकर आज राष्ट्रीयकृत बैंकों की कांठठ स्थित बैंक शाखाएं बंद रही जिससे लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा बताया गया कि आज रोजाना की तरह से ही क्षेत्र के लोग अपने जरूरी काम की जरूरत पूरा करने के लिए बैंकों में पहुंचे लेकिन वहां जाकर देखा कि पंजाब नेशनल बैंक एचडीएफसी बैंक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक भारतीय स्टेट बैंक केनरा बैंक एक्सिस बैंक आदि सभी बैंकों में ताले लटके थे जानकारी करने पर पता लगा कि आज हड़ताल के चलते सभी बैंकों की शाखाएं बंद है बताया गया कि बैंक कर्मचारी काफी समय से सप्ताह में 5 दिन बैंक खोले जाने की मांग करते आ रहे थे जिस पर बैंक यूनियनों को संबंधित विभागों से आश्वासन भी मिला था लेकिन उक्त मांग को आज तक पूरा नहीं किया गया बैंक कर्मचारियों का कहना था कि वह सोमवार से शुक्रवार तक काम करेंगे और शनिवार और रविवार का अवकाश सप्ताह में होना चाहिए लेकिन आश्वासन दिए जाने के बाद भी जब इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया तो बैंक यूनियन ने आज की हड़ताल का ऐलान कर दिया आम आदमी को इसकी जानक. ारी न होने के कारण वह बैंकों पर पहुंच गए लेकिन उन्हें वहां से मायूस होकर लौटना पड़ा जबकि सहकारिता से जुड़ी बैंकों में रोजाना की तरह ही कामकाज हुआ लेकिन अचानक हुई हड़ताल से लोगों के सामने दिक्कत खड़ी हो गई।



# सड़क हादसे में 10 वर्षीय छात्रा की मौत, परिजनों में कोहराम

**सुरजन नगर।** सुरजन नगर-जसपुर रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने 10 वर्षीय छात्रा की जान ले ली। बाइक की टक्कर से घायल हुई बालिका ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार शाम गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। घ्प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहुजुदीन की 10 वर्षीय पुत्री हुमाजिया सोमवार शाम करीब 6:00 बजे अपने घर के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे एक बाइक सवार नाबालिग ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हुमा. जिया और बाइक सवार दोनों सड़क पर जा गिरे। घ्चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे। बाइक सवार को मामूली चोटें आई, लेकिन हुमाजिया की हालत बेहद नाजुक थी। परिजनों ने उसे तत्काल स्थानीय डॉक्टर के पास पहुंचाया, जहाँ से उसे प्राथमिक उपचार के बाद काशीपुर रेफर कर दिया गया। काशीपुर में भी हालत में सुधार न होने पर उसे मुरादाबाद ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घ्हुमाजिया एसबीडी इंटर कॉलेज की छात्रा थी। उसकी मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। मंगलवार शाम को जब बालिका का शव गांव पहुंचा, तो हर आंख नम थी। मृतका की माँ खुसनुदा का रो-रोकर बुरा हाल है। देर शाम गांव के कब्रिस्तान में उसे दफन कर दिया गया। इस हादसे ने एक बार फिर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के खतरों और सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में '77वें गणतंत्र दिवस समारोह' का हुआ भव्य आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने ध्वजारोहण करने के पश्चात् एनसीसी केडेट्स की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस दिन हमारा देश विश्व मानचित्र पर एक गणतांत्रिक देश के रुप में स्थापित हुआ था, इसलिए हम इस दिन को पूरे हर्षोल्लास तथा धूम-धाम के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। उन्होंने सभी को एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, उसका श्रेय निस्संदेह आप सभी को जाता है। साथ ही कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में सभी को अपने कार्य व जिम्मेदारियों का निर्वहन और भी अधिक व्यापक स्तर तथा लगन एवं निष्ठा के साथ करने की सलाह दी। वहीं विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा, शोध, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, सेमिनार और प्रोजेक्ट इत्यादि पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास की ओर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि हम विश्वविद्यालय को शिखर तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। साथ ही उन्होंने आधुनिक परिदृश्य में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही नवाचार विधा के प्रति जोर देते हुए यह भी कहा कि शिक्षा में आज रोजगारोन्मुख नवाच. ार की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान दिलाने के क्षेत्र में हम सभी प्रयासरत हैं, ताकि यहां से शिक्षा पूरी करने के उपरांत विद्यार्थी विश्व के अनेक देशों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। शिक्षकों का कर्तव्य केवल कक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि वे समाज के पथ प्रदर्शक हैं। शिक्षकों के विचार, आचरण और कार्यशैली से ही भावी पीढ़ी का चरित्र और दृष्टि दोनों निर्मित होती हैं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर आप सभी से आह्वान करता हूं कि आप संविधान के आदर्शों को आत्मसात् करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्ट नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों के साथ अपने कार्य को आगे बढ़ाएं और सभी लोग मिलकर श्रेष्ठ शिक्षक, उत्कृष्ट शिक्षा, संस्कारिक शिष्य, समृद्ध समाज, समृद्ध प्रदेश और सशक्त भारत का निर्माण करें। इस मौके पर एनसीसी बटालियन की ऑनरेरी मेजर (प्रो.) राजकुमारी सिंह, 2/9 एनसीसी गर्ल्स बटालियन की लेफ्टिनेंट सुश्री रश्मि पाण्डेय, 2/24 एनसीसी ब्वॉयज बटालियन के केयर टेकर श्री शनि कुमार के कुशल निर्देशन में एनसीसी केडेट्स ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति अभिनव कोठीवाल, कार्यकारिणी की सम्मानित सदस्या श्रीमती मंजू कोठीवाल, श्रीमती रश्मि कोठीवाल, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुल. पति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरूण कुमार मिश्र, चीफ प्रोक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह समेत अन्य अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के निदेशकगण, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एण्ड एड मिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने किया। साथ ही कार्यक्रम के अंत में डॉ. त्रिवेदी द्वारा सभी उपस्थितों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

## एक नजर

### नायब तहसीलदार के तबादले से नहीं हुई सुनवाई लगाई 30 तारीख



**कांठ ( शाह टाइम्स )** नायब तहसीलदार का तबादला होने के बाद आज उनकी कोर्ट में कोई नहीं बैठा जिसकी वजह से दावे पेश करने आए लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा घंटो बाद 30 तारीख को सुनवाई किए जाने का नोटिस चस्पां किया गया। बतादे की जिला अधिकारी ने देर रात नायव तहसीलदार का यहां से ट्रांसफर कर दिया और यहां के लिए ठाकुरद्वारा से नायब तहसीलदार को भेजा गया लेकिन वह नहीं आए बीएलओ और दावा पेश करने के लिए मतदाता बड़ी संख्या में वहां पहुंचे निर्धारित समय से एक घंटा बाद भी जब सुनवाई शुरू नहीं हुई तो लोगों में सुगबुगाहट होने लगी अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लिया और आज की सुनवाई के लिए 30 तारीख का नोटिस चस्पा कर दिया हालांकि इससे लोगों की छटपटाहट तो दूर हो गई लेकिन उन्होंने कहा कि प्रशासन की करनी का नतीजा मतदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। वह अपने काम छोड़कर समय से पहले यहां आकर खड़े हो गए और इतने इंतजार के बाद उन्हें वापस जाना पड़ा रहा है।

### सुरजन नगर में गणतंत्र दिवस की धूम तिरंगे के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

**सुरजन नगर।** क्षेत्र में 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। सोमवार को सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं और मदरसों में शान से तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए समां बांध दिया। गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज मे दिनेश कुमार और संजीव कुमार ने झंडा फहराया।

इस दौरान मंत्री ललित चौहान और प्राचार्य भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे। जबकि आरएसएम इंटर कॉलेज में बीना चौहान, राजेश कुमार और हृदेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। एसबीडी इंटर कॉलेज और महाविद्यालय में प्रबंधक देश दीपक व नरेश दीपक ने तिरंगा फहराया। प्राथमिक सहकारी समिति में अध्यक्ष बलराम सिंह, झंडा चौक पर ग्राम प्रधान वीर सिंह व पूर्व प्रधान पति नरेश और यूपी ग्रामीण बैंक में लोकेंद्र कुमार ने झंडा फहराया। खैरूल्लापुर के विद्यालयों में समाजसेवी राजकुमार सिंह और लालापुर पीपलसाना में मोहम्मद सलमानी ने ध्वजारोहण किया। वहीं माहीगिरान मदरसे में मोहम्मद असलम द्वारा झंडा फहराने के बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों से सभी का मन मोह लिया।

### पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों ने की एकदिवसीय हड़ताल

**मुरादाबाद।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बैंक कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांग पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू किए जाने को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल की। इस हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया वक्ताओं ने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग पिछले करीब दस वर्षों से लगातार उठाई जा रही है, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद सरकार ने अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भारतीय बैंक संघ द्वारा इस मांग की सिफारिश सरकार को भेजी जा चुकी है। प्रदर्शन में मनोज शर्मा, मयंक गुप्ता, नेहा जैन समेत बड़ी संख्या में बैंककर्मी शामिल रहे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# कादर आफाक ने रिजवान गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित कई स्कूलों में किया ध्वजारोहण





**कांठ ( शाह टाइम्स )** आसपा नेता कादर आफाक ने रिजवान गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित गढी के कई प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में ध्वजारोहण कर देशभक्ति के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सन 1947 को देश आजाद हुआ और संविधान को स्थापित करने में करीब ढाई वर्ष का समय लग गया लेकिन संविधान को सभी की सुरक्षा विकास शिक्षा और जरूरत को पूरा करने के हिसाब से बनाया गया 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र की स्थापना हुई और इसी परंपरा का निर्वाह करने के लिए हम सब यहां मौजूद हैं।

उन्होंने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और स्कूली बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनसे देश के अमर शहीदों की कुर्बानी को याद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है और इस अधिकार का सभी को लाभ उठाना होगा। उन्होंने बच्चों से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर जाने का आह्वान किया और कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही देश के विकास में भागीदार बन सकता है।

# गणतंत्र दिवस पर भाजपा और किसान यूनियन ने निकाली तिरंगा यात्रा





**कांठ( शाह टाइम्स )** गणतंत्र दिवस पर भाजपायों ने छजलैट किसान चौक से तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन किया भाजपा नेता अंगद सिंह चौहान ने बताया कि भारतीय सेवा का मनोबल बढ़ाने के लिए 77वें गणतंत्र दिवस पर इस रैली का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने फीता काटकर किया तिरंगा यात्रा के माध्यम से हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई के आपसी भाईचारे और राष्ट्र प्रेम को मजबूत करने का प्रयास किया गया किसान चौक से प्रारंभ होकर यात्रा रमपुरा अलीपुर खालसा पुल की मंड्या तेलीपुरा ढाकी रजपुरा और जसू नगला से गुजरी जहां पर जगह-जगह ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया।

राजेश कुमार चुन्नू ने कहा कि सैकड़ो लोगों की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारा क्षेत्र एकता और राष्ट्र भक्ति से परिपूर्ण है यात्रा के संयोजक बीर सिंह सैनी रहे और सहयोग अंगद सिंह चौहान विक्रांत सिंह बलराज सिंह बलबीर सिंह जतिन चौहान बिहार तुषार आकाश रामकिशोर सिंह राजाराम सिंह नाजिम अकबर हजरत आदि का रहा। इसके साथ-साथ कांठ में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह के नेतृत्व में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जो की नगर के विभिन्न मार्गो से होकर अपने गंतव्य तक पहुंची तिरंगा यात्रा की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह एवं उनकी पुलिस टीम मौजूद रही।

# विकासखंड बनियाखेड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## 'मेरी पहचान-मेरा स्वाभिमान' कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सशक्त व स्वावलम्बी बनाने तथा विकासखंड में विगत वर्षों से पूर्ण सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम 'मेरी पहचान-मेरा स्वाभिमान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी रहीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा ब्लाक प्रमुख डॉ0 सुगंगधा सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन के तहत कार्यरत समूह सखी, बैंक सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, कृषि सखी, आजीविका सखी, महिला मेट एवं केयर टेकर को पहचान पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें उनकी एक स्पष्ट पहचान मिल सके। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर कार्यरत सचिव, पंचायत सहायक, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाईमित्रों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि जहां अनेक महिलाएं घर से बाहर निकलने में संक. ोच करती हैं, वहीं ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह द्वारा महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने मंच से 'मेरी पहचान-मेरा स्वाभिमान' कार्यक्रम की सराहना करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में कार्यरत सभी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएं। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव बनियाखेड़ा की स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदी अनुपमा सिंह दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मंच साझा कर विकासखंड, जनपद व प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं।





# कुन्दरकी लाइव ग्रुप ने भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर मनाया गणतंत्र दिवस





■ नगर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में देशभक्ति से सराबोर रहा माहौल

**कुन्दरकी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुन्दरकी नगर में सामा. जिक संगठन कुन्दरकी लाइव ग्रुप द्वारा धूमधाम से तिरंगा यात्रा निक. ाली गई। तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ चलते दिखाई दिए। पूरे नगर में देशभक्ति का उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

इस तिरंगा यात्रा में नगर के अनेक सम्मानित एवं सामाजिक रूप से सक्रिय नागरिक शामिल हुए। मुख्य रूप से प्रवीन भूषण, देवेश भूषण, यासीन पठान, हसन अरफी, विपुल जैन, कल्लू प्रधान, काजी गुड्डू, असलम सैफी, रफी खान, देव सिंह सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया।

यात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। देशभक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कुन्दरकी लाइव ग्रुप के पदाधिकारियों ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। तिरंगा यात्रा ने कुन्दरकी नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया और गणतंत्र दिवस का पर्व यादगार बना दिया।

# नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद भर में सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों पर हर्षोल्लास के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। उक्त सभी स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में जनपद न्यायाधीश डा0 विदुषी सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह, एडशिनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज आरती फौजदर, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी रागिनी, सिविल जज जूनियर डिवीजन नावेद अख्तर, सिविल जज जू0डि0 नाजिम अकबर, एडिशनल सिविल जज जू0डि0 ललित कुमार, सिविल जज जू0डि0 दिव्या गर्ग आदि मौजूद रहे। नगर के एनकेबीएमजी पी.जी. कॉलेज चन्दौसी में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या प्रो0 अलका रानी अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रुप से राष्ट्रगान, झंडा गीत एवं सारे जहां से अच्छा गीत का गायन किया गया। इस अवसर महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं पूर्ण उत्साह के साथ उपस्थित रहीं। लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जू0हा0 स्कूल, मोहल्ला महाजन चंदौसी में धूमधाम से देश का 7वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंध समिति के व्यवस्थापक कुलदीप वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉ टी.एस. पाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी एवं सदस्य हृदेश यादव ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया एवं भारतमाता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किया। वहीं नगर में देशभक्ति घोष के साथ पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें महाजन मोहल्ला, सीकरी गेट, पुरानी पैठ, बड़ाबाजार, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट, फुब्बारा चौक, मालवीय चौक, सम्भल गेट, घंटाघर, नमक मंडी, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, सीता रोड, सुंदर मोहल्ला, बिसौली गेट होते हुए विद्यालय में समापन किया।

बच्चों पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरण किया। तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रवि सोनकर, चकबंदी अधिकारी चंदौसी राजेश गुप्ता, नायब तहसीलदार सत्येंद्र कुमार सिंह, रजत,





चंदौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. कल्याणसिंह तोमर, सचिव दिलीप यादव, रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजेंद्रदेव सिंह, सचिव वीरेंद्र कश्यप, लेखपाल संघ चंदौसी के अध्यक्ष शिवओम शर्मा, कवि सुखपाल सिंह गौर (लेखपाल), राजस्व लिपिक चंदौसी/कनिष्ठ सहायक चकबंदी कवयित्री शांति राणा शांति, संग्रह अमीन दीपक कपूर, स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सम्मानित सदस्य वरिष्ठ एड. दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रगान के साथ ही राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन, मोहम्मद हनीफ, मतीनउद्दीन, कासिम अंसारी, मोहम्मद कामिल, इफ्तेखार हुसैन, इक्तेदार हुसैन, पाशा एडवोकेट, अनवर ठेकेदार, शहाबुद्दीन एड., विद्यालय स्टाफ अब्दुल जाघ्हिद, वाहिद हुसैन, अकील अहमद, शबाब अली, इकबाल अहमद, सैय्यद अली, आसिम, सलमान अहमद, अनवर परवेज, कमरुद्दीन, जफरुद्दीन, हुमायूं शमसी, जुबैर आलम, पंकज बहुखंडी, अनुराग सिंह, मौहम्मद नाजिघ्र, नाजिर हुसैन, शफीक मियां आदि मौजूद रहे। भारतीय जीवन बीमा निगम चंदौसी कार्यालय में ध्वजारोहण शाखा प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा, सहायक प्रबंधक किशन सिंह राणा व पारस मिश्रा ने संयुक्त रूप से फहराया और अच्छा कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ट्रॉफी आदि देकर और पट्टिका डालकर सम्मानित किया। वहीं कोतवाली परिसर में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण सीओ मनोज कुमार द्वारा किया गया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर द्वारा पुलिसकर्मियों सहित सलामी दी गई।

इस अवसर पर कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

जायंट्स ग्रुप चन्दौसी सखी-सहेली ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। ध्वजारोहण के बाद मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर अंजू राजपूत, सीमा वर्मा, उषा अग्रवाल, रीता बुधियाल, अनुराधा, कंचन बाला, राजेश्वरी श्रीवास्तव, रेनू वार्ष्णेय, अनीता सक्सेना, नीरू गोयल, दीप्ति दुबे आदि मौजूद रहीं। किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में श्रीगीता सत्संग भवन में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। समिति अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान इंदु अग्रवाल, रूबी भक्ति वार्ष्णेय, प्रतिभा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, वीना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चक कचनाल
## विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 25.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चक कचनाल विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.02. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत चक कचनाल के प्राथमिक स्कूल की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 259155.24 | 200 | 2% | 1 माह |
| 2 | अय्यूब के घर से नईम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 324157.93 | 200 | 2% | 1 माह |
| 3 | सरकार के घर से शमी के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 34 मी0 | 117809.84 | 200 | 2% | 1 माह |
| 4 | ओमप्रकाश के घर से खानचन्द के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 54 मी0 | 178375.82 | 200 | 2% | 1 माह |
| 5 | शमशाद के घर से राशिद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 43 मी0 | 127611.27 | 200 | 2% | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत चक कचनाल**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया, मुरादाबाद

पत्रांक:- 469/न०पं०ढकिया/2025-26 दिनांक:- 27-01-2026

**अन्तर्गत धारा-131( 3 ) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916( 2 )**

कार्यालय नगर पंचायत ढकिया पत्र संख्या-388/न0पं0 ढकिया/2025-26 दिनांक 08.12.2025 उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 व धारा 298 व 299 के निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद द्वारा नगर पंचायत की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने से सम्बन्धित उपविधि प्रस्तवति करते हुए उपरोक्त नियमावली धारा-301 (1) के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति / समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति / सुझाव नगर पंचायत के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के अन्दर प्राप्त करा सकता है। तत्क्रम में नगर पंचायत ढकिया द्वारा बोर्ड बैठक दिनांक 29.12.2025 में पेज संख्या-13 के प्रस्ताव संख्या-01 के द्वारा प्रस्ताव सर्व साधारण एवं प्रभावित होने वाली व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद द्वारा कार्य को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धित प्रवृत्त उपनियम में नवीन उपविधियों शामिल करते हुए आलेख का प्रस्ताव किया है।

नगर पंचायत ढकिया का कोई निवासी जिसे अधोलिखित प्रस्ताव अथवा उक्त उपनियम के आलेख पर कोई आपत्ति हो या सुझाव देना हो तो इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के भीतर कार्यालय में आपत्ति / सुझाव लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने से सम्बन्धित उपविधियाँ**

नगर पंचायत ढकिया के अर्न्तगत् निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं में अभिवृद्धि उनके अनुरक्षण व उनके स्तर में अभिवृद्धि के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 294 व धारा 299 के अधीन नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने के सम्बन्ध मे निम्न वर्णित उपविधियों को नगर पंचायत ढकिया के द्वारा लागू किया जाता है, जोकि दिनांक 01.04.2026 अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त/प्रभावी होगी।

**उपविधियाँ**

2. (1) यह उपविधियाँ नगर पंचायत ढकिया मुरादाबाद की नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने की उपविधि कहलायेगी।
(2) यह सम्पूर्ण नगर पंचायत ढकिया क्षेत्र में प्रवृत्त होंगी,
(3) यह उपविधि 2025 अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषायें** - विषय / प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि में -
(1) अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उ.प्र. अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) से है।
(2) अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के अधिशासी अधिकारी से है।
(3) चेयरपर्सन से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के चैयरपर्सन / प्रशासनिक अधिकारी से है।
(4) अनुज्ञा का अभिप्राय इस उपविधि के अधीन प्रदत्त अनुज्ञा से है।
(5) वर्ष से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है।
(6) अनुज्ञा (लाइसेन्स) अधिकारी का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी से है।
(7) निरीक्षक का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के ऐसे कर्मचारी से है जिसे नगर पंचायत ढकिया के बोर्ड, अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी द्वारा इस उपविधि के अन्तर्गत निरीक्षण के लिए नियुक्त किया गया हो।
(8) विज्ञापन/प्रचार से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया की सीमा में किसी भी माध्यम से किये जा रहे विज्ञापन/प्रचार से है जिसमें होर्डिंग, बैनर, कटआउट, लोकल टी0वी0 के माध्यम से, ध्वनि विस्तारक यन्त्र से, पम्पलेट/पर्चे चाहें व दीवारो पर चिपकाये जायें अथवा किसी समाचार पत्र में रखकर बंटवाये जाये, दीवार पेन्टिंग आदि से है परन्तु इसमें किसी व्यक्ति के द्वारा अपने कार्यस्थल पर / अपने कार्यस्थल की सीमा में बोर्ड होर्डिंग दीवार पेन्टिंग लगा अपने प्रतिश्ठान का नाम आदि लिखना शामिल नही है परन्तु अपने कार्यस्थल की सीमा से बाहर यदि कोई बोर्ड / होर्डिंग आदि लगाया जायेगा तब वह इस परिभाषा में आयेगा।
(9) ठेके का अर्थ प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य की उस अवधि से है जिसके लिये नियमानुसार प्रकाशन/विज्ञापन करके बोर्ड / प्रभारी अधिकारी के द्वारा नीलाम किया जायेगा।

**स्पष्टीकरण:** ऐसे शब्दो और पदों को जो इस उपविधि में परिभाषित नही है किन्तु अधिनियम में प्रयुक्त हैं वही अर्थ होंगे जो नगर पालिका अधिनियम 1916 में उनके लिए दिये गये हैं।

3. नगर पंचायत के द्वारा अपने क्षेत्र में विज्ञापन/प्रचार करने वाले व्यक्ति्त से विज्ञापन/प्रचार का शुल्क प्राप्त करेगी जो कि निम्न प्रकार लिया जायेगा-

3. नगर पंचायत के द्वारा अपने क्षेत्र में विज्ञापन/प्रचार करने वाले व्यक्ति से विज्ञापन/प्रचार का शुल्क प्राप्त करेगी जो कि निम्न प्रकार लिया जायेगा-

| | |
|---|---|
| (1) होर्डिंग/कट आउट से विज्ञापन / प्रचार करने में | 05/- रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) |
| (2) चैनर से विज्ञापन / प्रचार करने की में | 02/-रू . प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) |
| (3) ग्लोसाईन बोर्ड से विज्ञापन/प्रचार करने में | 10/-रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) |
| (4) दीवार पेन्टिग से विज्ञापन/प्रचार करने मे | 02/-रू. प्रतिवर्ग फुट (एक माह के लिये) |
| (5) 2 वर्ग फुट या बड़े पोस्टर चिपकाकर विज्ञापन/प्रचार करने में | 500/-रू. प्रति सौ पोस्टर |
| (6) 2 वर्ग फुट से कम पोस्टर चिपकाकर विज्ञापन/प्रचार करने में | 200/-रू. प्रति सौ पोस्टर |
| (7) समाचार पत्र में पर्चे निकलवाकर विज्ञापन/प्रचार करने में | 100/-रू. प्रति हजार |
| (8) लोकल टी.वी. पर स्लाईड लगाकर विज्ञापन/प्रचार करने मे | 500/-रू. (प्रतिमाह) 1 प्रति स्थान |
| (9) ध्वनि विस्तारक यन्त्र से विज्ञापन/प्रचार करने में | 500/-रु. प्रतिदिन |

उपरोक्त दरों का नवीनीकरण प्रत्येक वर्ष के मार्च माह में नगर पंचायत बोर्ड के द्वारा या प्राप्त शासनादेश के अनुसार अधिशासी अधिकारी / चेयरपर्सन / प्रभारी अधिकारी के द्वारा किया जायेगा।

**स्पष्टीकरण**- (1) उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी अन्य माध्यम से प्रचार/विज्ञापन किया जाता है तब उसका शुल्क निर्धारित करने का अधिकार नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को होगा।
(2) उपरोक्त शुल्क केवल विज्ञापन/प्रचार का शुल्क है इसमें विज्ञापन / प्रचार सामग्री को निर्मित करने का कोई शुल्क नहीं है उक्त निर्माण का व्यय स्वयं पक्षकार के द्वारा वहन किया जायेगा।

4. नगर पंचायत के द्वारा विज्ञापन/प्रचार के शुल्क वसूली के लिये नियमानुसार प्रकाशन / विज्ञापन आदि करके ठेका छोडा जायेगा परन्तु यदि किसी कारणवश नगर पंचायत बोर्ड अथवा प्रभारी अधिकारी ठेका न दे सके तो बोर्ड अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी द्वारा उक्त शुल्क वसूली के लिये किसी कर्मचारी अथवा कर्मचारीयों को नियुक्त किया जा सकता है।
5. ठेके की म्याद अधिकतम एक वर्ष के लिये होगी जो कि प्रत्येक स्थिति में 31 मार्च को समाप्त होगी चाहें किन्ही कारणवश ठेका 1 अप्रैल के स्थान पर कुछ समय पश्चात् ही क्यों ना छोड़ा गया हो इस सम्बन्ध में ठेकेदार को समय के सम्बन्ध में आपत्ति करने का कोई अधिकार ना होगा।
6. ठेकेदार को ठेका लेने के 15 दिवस के अन्दर शासनादेश के अनुरूप अनुबन्ध का पंजीकरण निर्धारित शुल्क पर करवाया जाना आवश्यक है जिसमें होने वाले समस्त व्यय को अदा करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। अनुवन्ध का पंजीकरण ना करवाये जाने की स्थिति में ठेका पंजीकरण के लिये निर्धारित की गई समयावधि 15 दिवस समाप्त होने के पश्चात स्वत: ही समाप्त हो जायेगा जिसके लिये निरस्तीकरण के किसी आदेश की आवश्यकता नही होगी तथा पुन: ठेका छोड़ने में होने वाली हानि को पूर्व ठेकेदार से वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।
7. ठेकेदार ठेके की राशि के 1/2 भाग को ठेका लेते समय ही नगर पंचायत में जमा करेगा तथा शेष 1/2 धनराशि दो समान किश्तों में क्रमश: 31 जुलाई, 31 अक्टूबर, तक प्रत्येक स्थिति में जमा करेगा नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा।
8. ठेके की अन्य शर्ते नगर पंचायत के द्वारा निर्धारित की जायेगी।
9. ठेकेदार अथवा नगर पंचायत कर्मचारी (जैसी भी स्थिति हो) उपरोक्त विज्ञापन/प्रचार की शुल्क वसूली उपरोक्त निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त वसूल नही करेगा।
10. ठेकेदार अथवा नगर पंचायत कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में छपी हुई शुल्क की रसीद का ही इस्तेमाल करेगा और प्रत्येक रसीद पर क्रमांक अंकित होगा और रसीद बुक पूर्ण होने के बाद ठेकेदार / नगर पंचायत कर्मचारी रसीद बुक को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा जिसको नगर पंचायत के द्वारा पूरे वित्तीय वर्ष में सम्भाल कर रखा जायेगा।
11. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी वसूली के लिये एक रजिस्टर भी रखेगा जिसमें प्राप्त शुल्क आदि अंकित किया जायेगा रजिस्टर पूर्ण होने के बाद ठेकदार / कर्मचारी रजिस्टर को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करेगा जिसे नगर पंचायत में कम से कम 3 वर्षों के लिये सम्भाल कर रखा जायेगा।
12. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी किसी निजि सम्पत्ति पर सम्पत्ति के स्वामी की सहमति के बिना विज्ञापन/प्रचार के लिये होर्डिंग / कटआउट, ग्लोसाईन बोर्ड, वैनर पर्चे आदि लगाने के लिये अनुमति नहीं देंगे।
13. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी किसी ऐसे स्थान पर विज्ञापन/प्रचार के लिये होर्डिंग/कटआउट, ग्लोसाईन बोर्ड, वैनर पर्चे आदि लगाने के लिये अनुमति नही देंगे जिससे मार्ग अवरूद्ध हो रहा हो अथवा आम जनता को कोई असुविधा हो रही हो अथवा स्थल का सौन्दर्य खराव हो रहा हो।
14. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी ऐसी सम्पत्ति पर भी विज्ञापन/प्रचार के लिये होर्डिंग/कटआउट ग्लोसाईन बोर्ड, वैनर पर्चे आदि लगाने के लिये अनुमति नही देंगे जिसपर आम जनता के द्वारा आपत्ति की जा रही हो।
15. ठेकेदार/नगर पंचायत कर्मचारी ऐसे किसी भी प्रचार/विज्ञापन की अनुमति नही देंगे जो कि भ्रामक, भडकावे वाला अथवा अन्य किसी प्रकार से अनैतिक, अश्लील अथवा कानून के विरूद्ध हो।
16. ध्वनि प्रसारक यंत्र से प्रचार/विज्ञापन अनुमति केवल दिन के 10 बजे से रात्रि के 8 बजे तक ही दी जायेगी। परन्तु परीक्षा के दिनो मे अथवा ऐसे दिनो मे जिसमे इस प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार/विज्ञापन की अनुमति देना उचित ना हो न दी जायेगी।
17. केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, नगर पंचायत के द्वारा सरकारी योजनाओ के प्रचार प्रसार के लिये किये गये विज्ञापन/प्रचार एवं ऐसे विज्ञापन/प्रचार जो किसी गुमशुदा की तलाश अथवा किसी सामाजिक उत्थान व समाज सेवा आदि के लिये विना किसी लाभ के लिये किये जा रहे हो के लिये कोई शुल्क देय नही होगा।

# महानगर में बदला मौसम का मिजाज झमाझम बारिश ने फिर बढ़ाई ठिठुरन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** महानगर में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। मंगलवार दोपहर के बाद अचानक हुई झमाझम बारिश ने लोगों को सर्दी का एहसास करा दिया। सुबह तक मौसम सामान्य था, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में घने बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

बारिश के साथ चली सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। इस बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं लोगों को फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। सड़कों पर आवा. जाही कम नजर आई और कई जगहों पर लोग बारिश से बचने के लिए दुक. ानों और बस स्टॉप पर खड़े दिखाई दिए।झमाझम बारिश के चलते बाजारों में भी चहल-पहल कुछ कम रही। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं किसानों के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है, क्योंकि इससे गेहूं और सरसों जैसी रबी फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है।मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से क्षेत्र में मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। अगले एक-दो दिनों तक बादल छाए रहने और हल्की बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखें और आवश्यक सावधानियां बरतें।

# शब्बीर मियां उर्फ काले बाबा बगिया वाले का 50वां उर्स बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र में मंगावाला रोड पर स्थित शब्बीर मियां उर्फ काले बाबा बगिया वालों का दो दिवसीय उर्स सोमवार को अकितमन्दों ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया खादिमें वक्त सज्जादा नसीन शाकिर मियां ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शब्बीर मियां उर्फ काले बाबा के चाहने वालों ने दूर दराज से आकर गुसल के बाद अदब और एहतराम के साथ गांव में चादर निकाल कर बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर पहुँचकर चादरपोशी की ओर मुल्क व कोम की तरक्की के लिए दुआएं मांगी उलेमाओ ने कुल शरीफ की शुरुआत की ओर कब्बाली के प्रोग्राम का आयोजन करवाया कार्यक्रम के अंत में अकितमन्दों ओर जायरीनों ने एक साथ हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं कर मन्नतें मांग कर लंगर खाया। इस दौरान खानका निजामी इंतजामियां कमेटी दरगाह हजरत शब्बीर मियां रहमतुल्लाह व हजरत आकिब मियां रहमतुल्लाह खादिमें वक्त सज्जादा नसीन साकिर मियां,जफर निजामी,नासिर निजामी,इदरीश निजामी आफाक निजामी जफर मासूमी, बाबू अली, भूरा चिश्ती, यूसुफ अली प्रधान सहित बड़ी संख्या में अकितमन्द ओर ग्रामीण मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# काशीराम नगर के श्रीराम चौक पर हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**मुरादाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर काशीराम नगर स्थित श्री राम चौक पर देशभक्ति और उत्साह से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के शहीदों को नमन और भारत माता की स्मृति में झंडारोहण किया गया, जिसके बाद एक प्रेरक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में युवाओं को देश के प्रति कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सजग रहने का संद. ेश दिया गया।नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के बलिदान को याद करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी उपस्थित लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर "भारत माता की जय" और "शहीदों अमर रहें" के नारों के साथ देशभक्ति का संकल्प लिया।काशीराम नगर रामलीला कमेटी के नेतृत्व में श्री राम चौक से बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जब तक सूरज-चांद रहेगा, भारत माता का नाम अमर रहेगा और तिरंगा सदैव शान से फहराता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक चौधरी अजय दिवाकर ने की। इस अवसर पर रामल. ीला कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सचिव श्रीचंद्र रावत, कोषाध्यक्ष मनोज चौहान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रति. निधियों ने भाग लिया। अंत में सभी ने



एक स्वर में "भारत माता की जय" और "इंकलाब जिंदाबाद" के नारों के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

**बेदखली सूचना**
हमने अपने पुत्र इमरान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इमरान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। शौकीन हुसैन पुत्र अब्दुल अजीज व श्रीमति अफसरी पत्नी शौकीन हुसैन निवासीगण महमूदपुर माफी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।

# पंडित नगला बाईपास रेलवे क्रॉसिंग पर कार्य के चलते ट्रैफिक डायवर्जन, 27 से 30 जनवरी तक बदले रहेंगे मार्ग

**मुरादाबाद।** जनपद में पंडित नगला बाईपास मुरादाबादख्रचन्दौसी मार्ग पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 1ए पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य के चलते 27 जनवरी से 30 जनवरी तक यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। निर्माण कार्य को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से पूर्ण कराने के लिए यह व्यवस्था की गई है।डायवर्जन के तहत रामपुर व बरेली की ओर से हनुमान मूर्ति मार्ग होते हुए को. हिनूर, आजादनगर एवं ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले भारी वाहन हनुमान मूर्ति तिराहे से न जाकर काशीपुर दोराहे से जीरो प्वाइंट दलपतपुर होते हुए एनएच-09 मुरादाबाद बाईपास के रास्ते पुराना टोल प्रथम एवं द्वितीय से अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।इसी प्रकार बिलारी, मैनाठेर एवं सम्भल की ओर से कोहिनूर होते हुए हनुमान मूर्ति जाने वाले वाहन पुराना टोल प्रथम, सम्भल कट/स्वाद कट होते हुए एनएच-09 से जीरो प्वाइंट दलपतपुर होकर काशीपुर दोराहे के रास्ते हनुमान मूर्ति की ओर जाएंगे।मुरादाबाद से सम्भल, बिलारी, चन्दौसी व अलीगढ़ जाने वाली रोडवेज एवं निजी बसें लाजपतनगर रोडवेज से हनुमान मूर्ति तिराहा, काशीपुर तिराहा, जीरो प्वाइंट दलपतपुर होते हुए एनएच-09 मुरादाबाद बाईपास से पुराना टोल प्रथम/द्वितीय होकर अपने गंतव्य को जाएंगी। शहर क्षेत्र में नो-एंट्री का समय पूर्ववत प्रात: 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक लागू रहेगा। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील की है।

18. नगर पंचायत के द्वारा छोडे गये ठेके के ठेकेदार के द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूल किया जाता है अथवा अन्य ऐसा कोई कार्य किया जाता है जोकि इस उपनियम अथवा नगर पालिका अधिनियम मे दिये गये प्रावधानो के विरूद्ध हो अथवा ठेकेदार के द्वारा कोई अनैतिक अथवा कानून के विरूद्ध कार्य किया जाता है तब ऐसी स्थिति में नगर पंचायत को ठेके की अवधि समाप्त होने से पूर्व ठेका निरस्त करने का अधिकार होगा।
19 यदि कोई व्यक्ति उपनियम के किन्ही उपबंधो अथवा इन उपनियमो द्वारा उन पर आरोपित किन्ही अपेक्षाओ अथवा आभारो का उल्लंघन करता है या किसी व्यक्ति के कर्तव्य पालन में हस्तक्षेप करता है या बांधा डालता है तो उसके विरूद्ध नगर पंचायत के द्वारा कार्यवाही की जायेगी और दोष सिद्ध होने पर उसे अर्थ दण्ड दिया जायेगा जोकि नगर पालिका अधिनियम की धारा 299 के अनुसार अंकन 1000 रू0 तक हो सकेगा तथा लगातार अपराध सिद्ध होने की दशा मे उसे अतिरिक्त अर्थ दण्ड दिया जायेगा जोकि प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक से प्रत्येक ऐसे दिनों के लिये अंकन रू० 25.00 (पच्चीस रूपये) तक हो सकता है।
20. यह कि उक्त उपविधियो मे आवश्यक संशोधन नगर पंचायत के बोर्ड के प्रस्ताव द्वारा किया जा सकेगा।
21. उपरोक्त उपविधियो मे वर्णित नियमो के विपरीत कोई नियम/निर्देश शासन के द्वारा शासनादेश के माध्यम से जारी किया जाता है तब उक्त उपविधियो के प्रभाव मे रहते हुऐ भी शासनादेश उपविधियो पर प्रभावी होगा और उक्त शासनादेश के विपरीत उपविधि होने की स्थिति मे शासनादेश मे दिये गये नियमो के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया,**
**मुरादाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया,**
**मुरादाबाद**

# बार काउंसिल चुनाव : बारिश भी नहीं रोक सकी वकीलों का जोश, 1157 वोट पड़े

■ शाहनवाज राना एडवोकेट को मिल रहा अधिवक्ताओं का समर्थन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव के लिए डाले जा रहे वोटों को लेकर अधिवक्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बारिश के बाजू बावजूद भी वकीलों का जोश देखने के लायक था मुरादाबाद में 3522 वोटो में से 1157 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि ठाकुरद्वारा में 309 अधिवक्ता ऑन में से 180 मत अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया लगभग एक दोपहर से ही बारिश ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया था। मंगलवार को कोर्ट परिसर स्थित मतदान केंद्रों पर सुबह से ही अधिवक्ताओं की आवाजाही शुरू हो गई। मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद वकीलों का जोश देखने लायक रहा।लगातार हो रही बारिश के बीच भी अधिवक्ताओं ने लो. कतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। छाते और रेनकोट के सहारे बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान केंद्रों तक पहुंचे। कोर्ट परिसर पहुंचकर कांठ और बिलारी के अधिवक्ता उन्हें गर्म जोशी के साथ मतदान किया चुनाव में अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के प्रत्याशी शाहनवाज राणा जी के पक्ष में मतदान कर उन्हें खुला समर्थन दिया। अधिवक्ताओं का कहना था कि शाहनवाज राणा अधिवक्ताओं की समस्याओं, उनके अधिकारों और बार की गरिमा को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। इसी कारण उन्हें क्षेत्र के अधिवक्ताओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बज़र काउंसिल उत्तर प्रदेश के चुनाव में आज महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले हमारे साथी अधिवक्ता अतीक अहमद एडवोकेट आशकार हुसैन एडवोकेट मोहम्मद इमरान अली एडवोकेट, इमरान एडवोकेट, श्रीमती रौनक एडवोकेट वसीम अहमद एडवोकेट आनंद मोहन श्रीवास्तव एडवोकेट ,फिरोज अहमद एडवोकेट अफाक हुसैन एडवोकेट फिरासत हुसैन एडवोकेट नजीर तुर्की एडवोकेट शोभित शर्मा एडवोकेट आदित्य शर्मा एडवोकेट आसिफ आतिक एडवोकेट इब्राहिम हुसैन एडवोकेट जावेद कमर एडवोकेट संजीव तिवारी एडवोकेट वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट रिजवान अली एडवोकेट मोहम्मद शमीम एडवोकेट सुभान अली एडवोकेट दिलदार हुसैन एडवोकेट जाने आलम एडवोकेट अब्दुल हफीज एडवोकेट दयानंद शर्मा एडवोकेट दीपक बिश्नोई एडवोकेट जाबिर पाशा एडवोकेट वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट आदि अधिवक्ताओं व जितेंद्र जैन अमित कुमार प्रशांत शर्मा और नफीस अहमद का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। जिन्होंने मोहम्मद जान तुर्की के अनुरोध पर पूरा वक्त सुबह से शाम तक शाहनवाज राना जी के बूथ पर दिया अधिवक्ताओं के चेम्बर पर भी संपर्क किया। इसके लिए मोहम्मद नासिर पाशा एड. ने सभी का शुक्रिया अदा किया।





## उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव में मतदान करने को कांठ तहसील से पहुंचे अधिवक्ता



**कांठ ( शाह टाइम्स )** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के लिए आज मुरादाबाद में मतदान शुरू हुआ जिसमें कांठ तहसील से भारी संख्या में अधिवक्ता मतदान करने के लिए पहुंचे 11:30 बजे अधिवक्ताओं का पहला जत्था कांठ से रवाना हुआ और इसके बाद क्रमबार करीब 75 वकीलों ने वहां जाकर समय से मतदान किया। बताया गया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में करीब 333 मतदाताओ ने अपना नॉमिनेशन कराया था जिसमें प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को अलग-अलग तारीखों पर मतदान करना था एक अधिवक्ता को कम से कम 8 और ज्यादा से ज्यादा 25 लोगों को वोट करना होता है आज 27 जनवरी और 28 जनवरी को 2 दिन मुरादाबाद जनपद में मतदान होना है इसके लिए सभी तहसीलों से वकील वहां मतदान करने के लिए पहुंचे और उन्होंने मतदान किया।

कांठ तहसील में दीपक कुमार बिश्नोई मोहम्मद इकबाल मोहम्मद अजहर डॉक्टर विनीत नैन सचिन बिश्नोई संजीव कुमार कपिल कुमार कमल कुमार सुगम पवार शहजाद रफी आदि का विशेष योगदान रहा।

## गन्ना तौल के विवाद में युवक पर हमला, तमंचा दिखाकर घर में घुसकर किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गांव सौंदा में गन्ना क्रय केंद्र से जुड़ा एक विवाद हिंसक टकराव में बदल गया। दबंगों ने पहले रास्ते में युवक को रोककर गाली-गलौज और मारपीट की, फिर उसका पीछा करते हुए घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चारों आरोपी मौके से फरार हैं। लौटते समय रास्ते में रोका गया ट्रैक्टर पीड़ित शाहिद हुसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा सुऐब दोपहर करीब 11 बजे बाकीपुर गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना तुलवाकर ट्रैक्टर से गांव लौट रहा था। पीतपुर कब्रिस्तान के सामने चार लोगों ने उसका ट्रैक्टर रोक लिया और बिना कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। ग्रामीणों के समझाने पर भागे आरोपी विवाद बढ़ता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए, जिससे लगा कि विवाद खत्म हो गया है। मस्जिद के पास फिर से घेराबंदी थोड़ी ही दूरी पर नई मस्जिद के पास चारों आरोपी दोबा. रा आ गए और सुऐब को घेर लिया। अपनी जान बचाने के लिए वह ट्रैक्टर छोड़कर हाजी इदरीश के घर में घुस गया।

घर में घुसकर की मारपीट, तमंचे से दहशत आरोपियों ने घर में घुसते ही सुऐब के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने तमंचा निकालकर लहराया और मौके पर मौजूद लोगों को धमकाया, जिससे लोग डरकर वहां से हट गए। फरसा और दरांती से किए सिर पर वार भीड़ हटते ही दो आरोपियों ने फरसा और दरांती से सुऐब के सिर और कंधे पर हमला कर दिया। युवक को बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हमले में सुऐब को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चार नामजद, पुलिस कर रही तलाश पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना कुंद. रकी पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना से गांव में फैला डर घटना के बाद गांव सौंदा में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## साइबर कार्यशाला व जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने दिए सुरक्षा के टिप्स

**मुरादाबाद।** बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन को डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को पंचायत भवन में एक साइबर कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के जाने-माने साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट डॉ. रक्षित टंडन ने साइबर अपराधों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।कार्यक्रम का शुभारंभ डीआईजी मुनिराज जी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह,पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।डॉ. रक्षित टंडन ने अपने संबोधन में ऑनलाइन ठगी, फिशिंग कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध के नए-नए तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने आमजन को सलाह दी कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें और अपनी निजी जानकारी, ओटीपी व बैंक



विवरण किसी के साथ साझा न करें।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

अंत में सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया गया कि वे साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग साइबर अपराधों से सुरक्षित रहें।

# गणतंत्र दिवस पर कुन्दरकी क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों में उत्साह

## स्कूल-कॉलेजों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुन्दरकी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और इंटर कॉलेजों में पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा फहराया गया और संविधान व लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की शपथ ली गई। डींगरपुर रोड स्थित एच.ए.एम. इंटर कॉलेज में प्रबंधक मोहम्मद जुबेर की उपस्थिति में झंडारोहण किया गया। वहीं हबीबी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर



एजुकेशन में मोहम्मद जीशान और हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज डींगरपुर में महमूद जावेद द्वारा तिरंगा फहराया गया। एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज कुन्दरकी में नजबुल हसन की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित डीकेहुआ। इसके अलावा झंडा खां इंटर कॉलेज काजीपुर, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना, कुन्दरकी इंटर कॉलेज में नवाब हुसैन, जे.एल.एम. इंटर कॉलेज कुन्दरकी, उमर इंटर कॉलेज जलालपुर, किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में आरिफ पाश तथा न्यू सैनिक इंटर कॉलेज कमलपुर में नफीसुल हसन फौजी अल बरु अकेडमी में तस्लीम अहमद के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। सभी संस्थानों में राष्ट्रगान के साथ-साथ छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने छात्रों को संविधान के मूल्यों, देश की एकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कुन्दरकी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास और देशभक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला।

**गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण**

**उधर,** भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ध्वजारोहण किया गया..शाखा अध्यक्ष डाक्टर श्री आर के शर्मा जी द्वारा प्राता: 10 बजे ध्वजारोहण किया गया..हमारे अमर गणतंत्र के बिषय में बिचार ब्यक्त किये गये....इस अवसर पर शाखा संरक्षक श्री पी के अग्रवाल जी .शाखा सचिव एस के दीक्षित. संयोजक श्री संजीव गर्ग जी .डाक्टर अंशुमान गौड जी..हमारी क्षेत्रीय लोक. प्रिय पार्षद श्रीमती कविता गुप्ता जी की गरिमामयी उपस्थित भी रही.अन्य स्थानीय लोग भी सम्मिलित हुए...अन्त में परम्परानुसार मीठी बूंदी बितरित कर प्रोग्राम सम्पन्न हुआ..ध्वजारोहण की कुछ झलकियां....

## एचजेएस तुर्की गर्ल्स इण्टर कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**मुरादाबाद।** एचजेएस तुर्की गर्ल्स इण्टर कॉलेज में गणतंत्र दिवस का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें धवाजारोहण प्रबंधक जाबिर हुसैन एडवोकेट तथा प्रधानाचार्या श्रीमती हुमैरा नसीम ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें विद्यालय स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

## कलक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई, जिसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए सभी को लो. कतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दिलाया तथा शहीद स्मारक पर पहुंचकर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे वातावरण देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत करते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की जानकारी देते हुए पात्र नागरिकों से फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति, समरसता एवं बंधुत्व की भावना को सहेजने पर बल देते हुए देश को विकसित बनाने के लिए सामूहिक चिंतन की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में लोकतंत्र की शक्ति को रेखांकित करते हुए शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों परविंदर देव शर्मा एवं मोहित शर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुस्तकें व किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आपदा मित्रों द्वारा आपातकालीन संसाधन किट की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## एक नजर

### कचरा डालकर नाले को किया चोक, ग्राम प्रधान ने खुलवाया



**कांठ( शाह टाइम्स )** गढी के मोहल्ला लोहारान में लोगों ने नाले में कचरा फेंक कर उसको चोक कर दिया पानी इधर-उधर फैला तो ग्राम प्रधान से शिकायत की गई ग्राम प्रधान ने कचरा साफ कराकर नाले को साफ करा दिया। बतादे की सरकार के कचरा प्रबंधन किए जाने के बाद भी लोग आदत में सुधार करने को तैयार नहीं है गढी गांव में लोगों ने नाले को कचरा घर समझ लिया और उसमें पॉलिथीन आदि कचरा डालना शुरू कर दिया। बारिश पड़ी तो नाला चौक हो गया जल भराव हुआ तो लोगों को परेशानी होनी शुरू हो गई। लोगों ने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से रखी ग्राम प्रधान ने जेसीबी भेज कर कचरे को साफ कराया हालांकि कुछ लोगों ने इसका जिम्मेदार भी ग्राम प्रधान को ही ठहराया मगर समझदार लोगों का कहना था कि कचरा हमें जगह देखकर ही फेंकना चाहिए।

### दिनदहाड़े स्कूल में हमला, प्रधानाचार्य से छीनी गई सोने की चेन और 35 हजार रुपये

**डिलारी।** डिलारी थाना क्षेत्र के अलियावाद स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर में सोमवार सुबह एक बड़ी और चौंकाने वाली घटना घटी। जहाँ विद्यालय में बच्चे पढ़ने पहुँच रहे थे, वहीं करीब 25 लोगों के एक उग्र समूह ने स्कूल के प्रधानाचार्य पर हमला बोल दिया, उनकी सोने की चेन व जेब से 35 हजार रुपये नकद छीन लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बुधवार को प्रधानाचार्य अशोक कुमार सूर्यवंशी द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है। विद्यालय खुल चुका था और बच्चे आने लगे थे। इसी दौरान सात नामजद और करीब 25 अज्ञात लोगों का समूह स्कूल परिसर में घुस आया। उग्र समूह ने प्रधानाचार्य अशोक कुमार सूर्यवंशी पर आरोप लगाया कि उन्होंने डॉ. अंबेडकर के पोस्टर फाड़े हैं। प्रधानाचार्य द्वारा इसका खंडन करने और पोस्टर सुरक्षित दिखाने की पेशकश करने पर भी हमलावर नहीं माने। समूह ने प्रधानाचार्य को अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने उनके गले से सवा तोला सोने की चेन छीन ली और जाकेट की जेब से लगभग 35,550 रुपये नकद भी झपट लिए। साथ ही, उनकी जाकेट भी फाड़ दी गई। अन्य शिक्षकों के बीच-बचाव करने पहुँचने पर भी हमलावरों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर हमलावर भागने लगे, लेकिन जाते-जाते प्रधानाचार्य को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रधानाचार्य अशोक कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि वे अब अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं और उन्होंने डिलारी थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ डकैती, मारपीट, धमकी और आपराधिक बल के प्रयोग जैसे मुकदमे दर्ज करने की माँग की है।

### आत्मा का कल्याण प्रभु सुमिरन से होता है: सुरेंद्र सिंह



**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद ठाकुरद्वारा हाईवे पर स्थित निरंकारी भवन में मंगलवार को विशेष साधसंगत का आयोजन हुआ,जिसमें केंद्रीय ज्ञान प्रचारक महात्मा सुरेंद्र सिंह हल्द्वानी से सतगुरु के विचारों को साधसंगत के समक्ष रखे। इस दौरान सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि ये जन्म आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए हुआ है। अन्य कामों से आत्मा का कल्याण नहीं होता है। सब इसी में से उपजे हैं और अंत में इसी में मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज कहते हैं कि सतगुरु और संत में कोई भेद नहीं होता है। इसीलिए हमें उठते-बैठते प्रभु की स्तुति करनी है। ईश्वर ही जगत का कल्याण करता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें सतगुरु से हमेशा आशीर्वाद प्राप्त करते रहना चाहिए और पांचों प्रण जीवन में उतारने चाहिए । साथ ही सतगुरु कहते हैं कि साकार और निराकार में कोई भेद नहीं होता है। सतगुरु लोगों को जोड़ने के लिए दुनिया में अवतार लेता है, क्योंकि धर्म जोड़ता है,तोड़ता नहीं। तन,मन,धन से सतगुरु को समर्पित होकर जीवन जीना चाहिए।लंगर का प्रसाद रूहेला परिवार की ओर से हुआ। मंच संचालन राजेश कुमार ने किया और साधसंगत में मुखी ब्रह्मप्रकाश गुप्ता,संचालक रामकुमार सिंह, शिक्षक राकेश कश्यप,नमन वर्मा, शांतनु रावत,नितिन कुमार,देवेंद्र नागपाल, हेमेंद्र प्रताप सिंह,दीपक कुमार, सुरेंद्र सिंह,हरकेश सिंह , अंजलि, रितु गुप्ता, निधि चौहान,पूनम चौहान,सुनीता अग्रवाल, शकुंतला, प्रेम. वती, भावना गुप्ता, लक्ष्मी आदि सहित सैंकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।

### मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर पर श्री हनुमान जी 11वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

**ठाकुरद्वारा।** नगर की सिंचाई विभाग कालोनी स्थित मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर और श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में बुधवार को अत्यंत हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ श्री हनुमान जी का 11वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ सुबह मंगलाचरण व विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

मुख्य आकर्षण पंडिता गीता शर्मा द्वारा श्री सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। जिसने पूरे वातावरण को दिव्यता और शांति से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से पाठ का श्रवण किया और हनुमान जी की शक्ति व भक्ति का अनुभव किया। पूजन समारोह के बाद सभी उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे दूर-दूर से आए लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया गया था, जिससे उत्सव की खुशी और भी बढ़ गई। इनमें संदेश शर्मा, कविता शर्मा, सावित्री देवी, कंचन शर्मा, शीला देवी, प्रियंका यादव, मनीषा देवी, वीरेंद्र कुमार शर्मा, महेश सिंह, ब्रजनंदन शर्मा, तनु सिंह, अभय गौड़ आदि की विशेष भूमिका रही। इन सभी ने मिलकर आयोजन को सुचारु और यादगार बनाया।





Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## यूजीसी नियमों पर शोर

जिस तरह यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के नियमों में बदलाव किया है, उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध बढ़ता देख नई दिल्ली में यूजीसी हैड क्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उप्र के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं, संगठनों ने मंगलवार को जगह-जगह प्रदर्शन किए। रायबरेली में तो भजापा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरव रक्षा दल के महेंद्र पाण्डेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां तक भेज दी। बात यहीं समाप्त नहीं होती बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने तो नए नियमों के विरोध में इस्तीफा तक दे दिया। असल में 13 जनवरी को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नई नियमावली लागू की है, इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति आधारित भेदभाव समाप्त होगा। यह अलग बात है कि इन नियमों ने आरक्षण जैसे नए विवाद को जन्म दे दिया है और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए नियमों पर हो रहे विवाद पर सरकार की तरफ से सफाई दी है और कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उनके अनुसार इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। असल में जो नियमों में बदलाव किया है, उसके अनुसार इसमें जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए समिति, हेल्पलाइन आदि कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतें देखेंगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता व जवाबदेही लाने के लिए किया गया है, लेकिन जनरल कैटेगरी के लोग ऐसा नहीं मानते और वह नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बनाए गए हैं। ये नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपस में सवर्णों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता हो सकती है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। उनका कहना है कि नय नियमों की वापसी को लेकर उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और यदि नियम वापस नहीं लिए जाते, तो उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए ठीक नहीं है। इसका विरोध उप्र में अधिक देखने में आ रहा है, जहां अगले वर्ष ही चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## जानबूझकर अपमानित करने का काम



मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है, ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए, मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं, मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे, इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिये पास का इंतजाम किया, भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है, उसके सारे आरोप गलत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'





विनीत नारायण

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामा. जिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्योंकृजैसे 'सेवा परमो धमर्रू' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा हैनर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकारकेंद्र और राज्य स्तर परको इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैंकृएक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**




हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम







तनवीर जाफरी

गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया, परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज की तरफ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुंचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिए जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह जरूरी भी था परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाजा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंक. राचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंक. राचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिए उससे भी साफ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नजर आता है। हालांकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नजर आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयाई व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफी फजीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुजारियों पर नजर डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किए अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुए कहा था कि उस समय चूंकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाजा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुए सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाकी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराजगी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिए भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि श्महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंक. राचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग गायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के गायब होने की मीडिया में प्रसारित खबरों पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे सोना घोटाला करार दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

























